

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ...




मां ब्रह्मचारिणी

● वर्ष- 16 अंक 235- ● जबलपुर ● मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


**राजस्थान संकट : दिल्ली में मंथन**

# अब गहलोत गुट पर बड़ा एक्शन संभव

**नई दिल्ली,जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में जादूगर कहे जाने वाले अशोक गहलोत ने हाल के दिनों तक जब जो दांव चला, सब उनके पक्ष में जाता रहा। लेकिन सचिन पायलट को रोकने के लिए इस बार जो पासा उन्होंने फेंका वह कामयाब नहीं होता दिख रहा है। उलटे गहलोत ही चौतरफा घिर गए हैं। एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की संभावनाओं पर विराम लगता दिख रहा है तो दूसरी तरफ अब राजस्थान में भी उनकी मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। हाईकमान का मूड भांपते हुए विधायकों ने पलटी मारना शुरू कर दिया है। राज्य में सीएम की कुर्सी को लेकर दो दिनों से मचे घमासान को हाईकमान ने गंभीरता से लिया है। रविवार शाम को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बहिष्कार और उसके बाद हुए घटनाक्रम को अनुशासनहीनता माना गया है। कांग्रेस की कार्यकारी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताई है। इधर, सोनिया गांधी निवास 10 जनपथ पर पार्टी के बड़े नेता पहुंचने लगे हैं। इसमें अंबिका सोनी, गिरिजा व्यास, राजीव शुक्ला जैसे नेता शामिल हैं। ऑब्जर्वर बनकर जयपुर आए मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन आज अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। इस पर रिपोर्ट पर सोनिया गांधी बैठक करेंगी। माना जा रहा है कि राजस्थान संकट को लेकर आज बड़ा एक्शन लिया जा सकता है। इसी बीच हाईकमान का मूड भांपते हुए विधायकों ने पलटी मारना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटे में कई विधायक सामने आ चुके हैं, जिन्होंने खुलकर मीडिया के सामने कहा है कि पार्टी आलाकमान का हर फैसला उन्हें मंजूर है और पायलट को सीएम बनाए जाने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। कल तक गहलोत कैंप में शामिल विधायक खुशवीर सिंह जोजावर ने मंगलवार को सुबह एजेंसी से बातचीत में कहा कि वह आलाकमान के साथ हैं और जो भी फैसला किया जाएगा वह उन्हें मंजूर है। उन्होंने कहा है कि वह राजनीति में रहें या ना रहें लेकिन आलाकमान के फैसले को सहर्ष स्वीकार करेंगे। उन्होंने यह भी माना कि हस्ताक्षर करने वालों में वह भी शामिल थे।विधायक जितेंद्र सिंह ने भी कहा है कि वह आलाकमान के साथ हैं और जिसे भी सीएम बनाया जाएगा उसको समर्थन करेंगे। उन्होंने साफतौर पर गहलोत के फैसले का विरोध किया है।



**पलटने लगे विधायक, अब पायलट मंजूर**

**PFI पर फिर बड़ा एक्शन**

# मप्र समेत 8 राज्यों में 200 ठिकानों पर रेड, हिरासत में 170 लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया ( PFI ) के खिलाफ कार्रवाई जारी है। खबर है कि मंगलवार सुबह करीब 170 सदस्यों को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान 7 राज्यों में पुलिस ने रेड की है। हाल ही में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ) और प्रवर्तन निदेशालय ने 13 राज्यों में छापे मारकर 100 से ज्यादा पीएफआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया था। इनके अलावा, SDPI के सचिव को भी गिरफ्तार किया गया है।इधर, मध्यप्रदेश ATS ने सोमवार रात भोपाल, उज्जैन, इंदौर समेत 8 जिलों में PFI के ठिकानों पर रेड कर 22 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ATS को इन संदिग्धों की जानकारी पहले पकडे गए 4 आरोपियों की पूछताछ में मिली थी। इनके पास से देश विरोधी कागज और डिजिटल दस्तावेज बरामद हुए हैं। NIA के अनुसार, यह छापों का सेकेंड राउंड हैं। पहले राउंड में 15 से ज्यादा राज्यों में छापे के दौरान PFI के 106 कार्यकर्ता गिरफ्तार किए थे।PFI के गिरफ्तार कार्यकर्ताओं से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि इनके मंसूबे खतरनाक हैं और नेटवर्क पूरे देश में फैल चुका है। मध्यप्रदेश सहित ज्यादातर राज्यों में PFI के सिमी से जुड़े होने के भी प्रमाण मिले। इसके बाद देशभर की इंटेलिजेंस और सुरक्षा एजेंसियों ने PFI का पूरा नेटवर्क खंगालने की कवायद शुरू की। 20 राज्यों और 100 से ज्यादा शहरों में इनका सर्विलांस शुरू हुआ। पता चला कि PFI को खाड़ी देशों के अलावा देश के बड़े मुस्लिम कारोबारियों से चंदा मिल रहा है। मध्यप्रदेशATS ने सोमवार रात भोपाल, उज्जैन, इंदौर समेत 8 जिलों में PFI सदस्यों के ठिकानों पर रेड की है। जांच एजेंसी ने 22 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ATS को इन संदिग्धों की जानकारी पूर्व में पकड़े गए 4 आरोपियों की पूछताछ में मिली थी। ATS (एंटी टेररिज्म स्क्वायड) की कार्रवाई अभी जारी है। उज्जैन से PFI के तीन सदस्यों को उठाए जाने की खबर है।NI (नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी) के इनपुट पर MP ATS ने इससे पहले इंदौर, उज्जैन में छापेमारी कर इंदौर से PFI के प्रदेश अध्यक्ष अब्दुल करीम, जनरल सेक्रेटरी अब्दुल खालिद, कोषाध्यक्ष मोहम्मद जावेद, जमील शेख को गिरफ्तार किया था।






## सीएम से प्रहलाद पटैल ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज उनके निवास पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सौजन्य भेंट की ।

## खाद्यान्न के परिवहन से ठेकेदार होंगे बाहर

**युवाओं को काम देगी सरकार**

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश में प्रतिमाह एक करोड़ 11 लाख परिवारों को दिए जाने वाले तीन लाख 13 हजार टन खाद्यान्न के परिवहन के काम से सरकार ठेकेदारों को बाहर करेगी। इनके स्थान पर युवाओं को परिवहन का काम दिया जाएगा। इसके लिए सरकार मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना लागू करने जा रही है। इसमें युवाओं को 25 लाख रुपये तक का वाहन ऋण बैंकों से दिलाया जाएगा। एक लाख 25 हजार रुपये सरकार अनुदान देगी। इतनी ही राशि हितग्राही को मिलानी होगी। तीन प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान भी सरकार देगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग की इस प्रस्तावित योजना पर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में उज्जैन में होने वाली कैबिनेट में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार नए-नए क्षेत्र तलाश रही है। इसी कड़ी में खाद्यान्न् के परिवहन कार्य से युवाओं को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को वाहन खरीदने के लिए ऋण दिलाया जाएगा। इसके लिए अनुदान के साथ वार्षिक ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा।

## आशा पारेख को दिया जाएगा दादा साहब फाल्के अवॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख को साल 2022 में दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। न्यूज एजेंसी को इस बात की जानकारी खुद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दी है।

## सागर में स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त, 1 बच्चे की मौत और 4 घायल

**सागर, यशभारत।** सागर जिले के राहतगढ़ में एक निजी स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई, जबकि चार घायल बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित जिला प्रशासन मौके पर पहुंचा है। बच्चों को एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया है।



## मां ब्रह्मचारिणी

शास्त्रों में मां ब्रह्माचारिणी को ज्ञान और तप की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से मां ब्रह्माचारिणी की पूजा करते हैं, उन्हें धैर्य के साथ और ज्ञान की प्राप्ति होती है। ब्रह्म का मतलब तपस्या होता है, तो वहीं चारिणी का मतलब आचरण करने वाली। इस तरह ब्रह्माचारिणी का अर्थ है– तप का आचरण करने वाली। मां ब्रह्माचारिणी के दाहिने हाथ में मंत्र जपने की माला और बाएं में कमंडल है।

इनकी आराधना का मंत्र है :

**या देवी सर्वभूतेषु सृष्टि रूपेण संस्थिता**
**नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम :।**


शारदेय नवरात्र पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

SWASTIK MULTI-SPECIALITY HOSPITAL

स्वास्तिक जबलपुर

स्वास्तिक मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर टीम




C.G.H.S., CSMA, BSNL, RAILWAY, AIRPORT AUTHORITY, ESIC, MP-POLICE (TPA) Mediclaim

फोन: 0761-2640638, 8461884444, 8462884444

आई.टी.आई. रोड, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के सामने, दीनदयाल चौक, जबलपुर

## महाकाली का दिव्य रूप



सम्राट गली पुरानी बस्ती में विराजी महाकाली की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

# मां की भक्ति में सज रहा शहर

## सुबह से देवी मंदिरों में देवी भक्तों का तांता, शहर के प्रमुख मार्गों में लग रहे पंडाल





**कटनी,यशभारत।** मां जगदंबा की भक्ति में शहर ही नहीं पूरा जिला तल्लीन है। वैसे तो आज नवरात्रि का दूसरा दिन ही है पर लग रहा जैसे मानों सप्तमी और अष्ठमी का उत्साह हो। सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग जाता है। मानों भक्त सोते ही नहीं। गली मोहल्ले से जल चढ़ाने वालों की रात दूसरी पहल से ही आवाज आने लगतीं हैं। सुबह तीन बजे शहर की सड़कों में नंगे पैर युवा बच्चे देवी मंढ़िया जाने के लिए निकल पड़ते हैं। शहर की प्रमुख जालपा मढ़िया में रात तीन बजे से भक्तों की कतार लग जाती है। इसी तरह शहर की अन्य प्रमुख देवी मढ़िया भी आस्था से अभिभूत नजर आ रही हैं।

### मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना

शारदीय नवरात्रि का दूसरा दिन आज 27 सितंबर मंगलवार को है। नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। माता रानी के स्वरूप की बात करें तो शास्त्रों के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी श्वेत वस्त्र धारण किए हैं और दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए सुशोभित हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था, जिस वजह से मां को तपश्चारिणी अर्थात ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है। पुराणों में बताया गया है कि मां ब्रह्माचारिणी की पूजा- अर्चना करने से सर्वसिद्धि प्राप्त होती हैं।

### मां ब्रह्मचारिणी की प्रिय वस्तु

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां ब्रह्मचारिणी को गुड़हल, कमल, श्वेत और सुगंधित पुष्प प्रिय हैं। ऐसे में नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा को गुड़हल, कमल, श्वेत और सुगंधित पुष्प अर्पित करें।

### मां ब्रह्मचारिणी का भोग-

मां दुर्गा को नवरात्रि के दूसरे दिन चीनी का भोग लगाना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से दीर्घायु का आशीष मिलता है। मां ब्रह्मचारिणी को दूध और दूध से बने व्यंजन जरूर अर्पित करें।

### देवी मढ़िया में बेहतरीन साज सज्जा

शारदीय नवरात्र की शुरूआत सोमवार से हो गई जिसके लिए देवी मंदिरों में साज-सज्जा के साथ रंग रोगन कराया गया है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों में सुबह से साफ सफाई का क्रम चलता रहा। वहीं मातारानी के विशेष श्रंगार की भी कई मंदिरों में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। वहीं जवारे भी बोए जाएंगे। नवरात्र पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस ने भी तैयारियां पूर्ण की है। नवरात्र पर्व पर शहर के विभिन्न देवी मंदिरों जालपा मंदिर, झंडा बाजार देवी माता मंदिर, शेरावाली माता, दख्खिन माता, घंटाघर काली माता मंदिर, गाटर घाट रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर, मरही माता मंदिर, शहीद द्वार के पास दुर्गा माता मंदिर, शीतला मंदिर पुराना जंगल दफ्तर के पास, बरगवां स्थित भूमि प्रकट शारदा मंदिर, विश्राम बाबा काली मंदिर, पाठक वार्ड स्थित बनखंडी शारदा मंदिर, लखेरा स्थित खेरमाई मंदिर, नालंदा स्कूल के पास दुर्गा माता मंदिर सहित नगर के विभिन्ना मंदिरों में नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

## पूरा शहर मां की आगवानी के लिए तैयार

देवी मढ़िया में राज तीसरे पहर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगता है तो वहीं शहर के सभी प्रमुख मार्गो में सजावट ऐसी हो रही है मानों पूरा शहर भक्ति की शक्ति की आगवानी में लग गया है। शहर का कोई भी ऐसा प्रमुख मार्ग या क्षेत्र नहीं जहां पर पंडाल न लग रहे हों। सुभाष चौक सज गया है तो कचहरी चौक में चारों ओर लाइटिंग की जा रही है। इसी तरह गर्ग चौराहे में भव्य देवी पंडान लग रहा है। वहीं। लक्ष्मीनारायण मंदिर मार्ग में मां जगतजननी के लिए सज कर तैयार है। इस बार अधिकांश दुर्गा समितियों ने पंचमी तक प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारी कर ली है ताकि लोगों को माता के दर्शन कम से कम पांच दिन तक होते रहें।

# बेटी बाबुल के दिल का टुकड़ा, जनक राजा देंगे और क्या....

### गोलबाजार में राम विवाह की सुंदर लीला

**कटनी,यशभारत।** रामलीला के जरिये राम के मर्यादा के सिद्धांत को प्रचारित करने शहर के सवा सौ से अधिक वर्ष पुरानी श्री गोलबाजार रामलीला में आत्मीय मंचन जारी है। गोलबाजार में कल राम विवाह तथा कुंवर कलेवा की भक्ति तथा उत्साह पूर्ण लीला का सुंदर मंचन किया गया। गोलबाजार रामलीला में धनुष भंग के बाद भगवान श्री राम और सीता का विवाह धूमधाम से हुआ। बधाई गीतों के साथ ख्यातिलब्ध रामलीला मंडली के पं सुनील तिवारी, प्रदीप तिवारी के निर्देशन में भाव पूर्ण चैपाईयों एवं गीतों के साथ राम सीता के विवाह के उपरांत कुंवर कलेवा हुआ। माता सीता की जनक से बिदाई की मार्मिक लीला के मंचन किया गया जिसमें गीत बेटी बाबुल के दिल का टुकड़ा जनक राजा देंगे और क्या... के मंचन ने उपस्थित मातृशक्ति तथा सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कमेटी के भरत अग्रवाल, अध्यक्ष रणवीर कर्ण ,उपाध्यक्ष रवि खरे, आशूतोष शुक्ला ,संतोष अग्रवाल ,शरद अग्रवाल ,सचिन तिवारी, सिब्बू साहू, कामेन्द्र सिंह ,राजेन्द्र सोधिंया, राकेश अग्रवाल, दीपक सोनी टंड़न, अखिल पाण्डे , मनीष दुबे, अवधेश उरमलिया, अम्बू वर्मा, सजंय गिरि, रामजी यादव, बेबू चौदहा ,अंतिम गुप्ता, विजय ठाकुर, नीरज अग्रवाल, बालमीक पाण्डे, रोहित सेन, धमेद्र तिवारी,श्री कान्त गर्ग, श्यामू सोनी, मनीष चौबे, प्रशान्त अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, मौजूद रहे आज यहां दशरथ कैकई संवाद की लीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला में बेहतर व्यवस्थाओं के बीच श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।










SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316





# डेढ़ घंटे की मूसलाधार बारिश ने शहर की सड़कों को बदल दिया तालाब में

कटनी,यशभारत।कटनी में बारिश थमने का नाम नही ले रह।कल फिर से बारिश ने शहर को तरबतर कर दिया।डेढ़ घंटे की मूसलाधार बारिश ने शहर की सड़कों को तालाब में बदल दिया।सड़क पर करीब एक फीट से अधिक पानी भर गया।शहर के कई इलाकों में जल भराव की स्थिति बन गई है।सागर पुलिया, गायत्री नगर पुलिया में भी काफी पानी भर गया।गायत्री नगर पुलिया में पानी भर जाने के कारण काफी देर तक आवागमन बंद रहा।



सोमवार सुबह आसमान साफ था और तेज धूप भी निकली हुई थी। लेकिन दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले घने बादल छा गए और देखते ही देखते बारिश शुरु हो गई। कुछ देर में मूसलाधार बारिश होने लगी। बारिश के कारण घंटाघर से जगन्नाथ चौक की ओर जाने वाली सड़क पर करीब डेढ़ फीट पानी भर गया। इसके अलावा जालपा वार्ड में भी सड़कों पर जलभराव की स्थिति बनी। शहर के निचले क्षेत्रों में भी जलभराव हो गया है। गायत्री नगर पुलिया में काफी पानी भर जाने के कारण वहां से आवागमन बंद हो गया। वहीं सागर पुलिया में भी जलभराव की स्थिति बनी। कुछ क्षेत्रों में नालियों के जाम होने की वजह से पानी सड़क से बह रहा था। मूसलाधार बारिश ने नगर निगम नाला-नाली सफाई अभियान की भी पोल खोल कर रख दी है। नाले-नालियों की सफाई नहीं होने से नालियों का पानी सड़कों से बह रहा है। बारिश के बाद मौसम में ठंडक आ गई है। लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली है।

# सर्तकता से ही रूक सकता सायबर क्राइम



**कटनी,यशभारत।** कन्या महाविद्यालय में गत दिवस गर्ल्स की सतर्कता हेतु सायबर अपराध के बारे में अहम जानकारी से छात्राओं को अवगत कराया गया। सत्येन्द्र सिंह राजपूत, तथा अमित शुक्ला सायबर क्राइम ब्रांच कटनी से महिला कालेज में पहुंचे थे। उन्होंने वर्तमान में हो रहे सायबर अपराध एवं धोखधडी से अवगत साथ ही छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने अपनी समस्याओं की जानकारी के साथ उसका समाधान भी जाना का सायबर ब्रांच के अधिकारियों ने बताया कि दो प्रकार के सायबर अपराध होते है पहला फोन क्राइम और दूसरा बैंक क्राइम जिससे हम सभी को सावधान रहना चाहिए। सिर्फ सर्तकता से ही सायबर क्राइम को रोका जा सकता है। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय परिवार का समस्त शैक्षणिक स्टॉफ एक छात्राओं की उपस्थिती रही।


प्लाट बेचना है

दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो. 9827340910

प्लाट बिकाऊ हैं

राय कॉलोनी, शांतिनगर, बारह बंगला एवं समदड़िया सिटी के पास प्लाट बिकाऊ हैं।
रेट 1000/- से 1200/- तक
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से



विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 30 से
दोपहर 12.15, 3.45,6.30 एवं रात्रि 10 बजे से




PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रबि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 23 से
दोपहर 1, 3.30, 7 एवं रात्रि 9.30 बजे से




चुप
कलाकार- सनी देओल, दलकर सलमान, श्रेया धनवंतनी, पूजा भट्ट आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा
एम.बी.बी.एस.डी.सी.एच.
क्लीनिक- राष्ट्रीय स्कूल के पास, घंटाघर रोड, कटनी समय-10.30 से 3 बजे तक
निवास- डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
मरीज देखने का समय सुबह 9 बजे से 10 बजे तक
सायं 6.30 से रात्रि 8 बजे तक
मो. 9893723087, 8319994375

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 27 सितंबर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# जंगल में तब्दील 90 लाख का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

## 2014 में लोकार्पण के बाद से नहीं हो रहा रखरखाव, खेल विभाग की उदासीनता का दंश झेल रहे खिलाड़ी

कटनी, यशभारत। जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने के नाम पर सिर्फ औपचारिकता हो रही है। न तो ठीक से मैदान हैं और ना ही ट्रेनर। सुविधाओं के लिए भी खिलाड़ी मोहताज हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जंगल में तब्दील हो चुका है। 90 लाख रुपये की लागत से झिंझरी में स्पोर्ट्स सेंटर अथार्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण तो हुआ था, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बदहाली का दंश झेल रहा है। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात देने के पीछे का उद्देश्य यह था कि कटनी जिले में अंतर्राज्यीय खेल प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन हों और अन्य खेलकूद के प्रतियोगिताओं का आयोजन हो सके एवं प्रतिभाओं को निखारा जा सके, लेकिन यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समय से पहले ही अपना वजूद खोने लगा है।





यश भारत
खबर विशेष

### ऐसे में कैसे आएगा युवा प्रतिभाओं में निखार, निजी केन्द्रों में प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी

### 2011 प्रभारी मंत्री ने किया था भूमिपूजन

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि तत्कालीन कृषि कल्याण व जिले के प्रभारी मंत्री रामकृष्ण कुष्मरिया द्वारा वर्ष 2011 में 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्पोर्ट्स सेंटर काम्प्लेक्स का भूमिपूजन 17 दिसम्बर 2011 को झिंझरी में किया गया था। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण अंतरराज्यीय खेल प्रतिस्पर्धाओ के आयोजन और अन्य खेलकूद के प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर किया गया था।

### 2014 में मुख्यमंत्री ने किया था लोकार्पण

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विगत 27 अक्टूबर 2014 को तत्कालीन खजुराहो सांसद नागेंद्र सिंह, मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री राजेंद्र शुक्ल व विधायक संदीप जायसवाल की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया था। इसके बाद खेल एवं प्रशासनिक लापरवाही के चलते एक पूरा बना हुआ भवन अब मुंह चिढ़ाने का काम ही कर रहा है।

### खेल प्रतिभाओं को नहीं मिल रहा लाभ

झिंझरी में बने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का रखरखाव नहीं होने के चलते यह भवन बदहाल हो चुका है और खेल में रूचि लेने वाली प्रतिभाओं को निजी सेंटरों में जाकर प्रशिक्षण लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। बच्चे इस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आकर स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग लेंगे और प्रदेश का नाम पूरे देश दुनिया में रोशन करेंगे शासन की इस मंशा पर जिम्मेदारों की भर्राशाही पानी फेरने का काम कर रही है। आलम यह है कि जिस भवन के जरिए देश दुनिया में बच्चों को नाम रोशन करना था उस भवन का नामोनिशान ही मिटता हुआ नजर आ रहा है। शहर के खिलाड़ी निजी सेंटरों में हजारों रुपए खर्च कर खेल की बारीकियां सीखने को मजबूर हैं।



# बिजली के खंभे लगे लेकिन स्ट्रीट लाइट नहीं

### आधारकाप की गलियों में शाम होते ही छा जाता है अंधकार

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्र ऐसे हैं, जो आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरह रहे हैं। यहां पर न तो पक्की सड़कों का निर्माण आज तक हो पाय है और न ही प्रकाश की उचित व्यवस्था लोगों को उपलब्ध हो पाई है। सावरकर वार्ड के अंतर्गत आधारकाप के वाशिंदे इन्हीं सब समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यहां बिजली के खंभे तो लगे हुए हैं लेकिन अभी तक स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। स्ट्रीट लाइट के अभाव में शाम होते ही पूरे क्षेत्र में अंधकार छा जाता है। अंधकार की वजह से आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के मौसम में जब सड़कों पर बरसाती पानी भरा होता है और जीव जंतुओं का लगातार खतरा बना रहता है। गलियों में अंधेरा होने की वजह से क्षेत्र के नागरिक कई तरह की परेशानियों से जूझ रहे हैं। लोगों ने बताया कि पूर्व पार्षद सहित नगर निगम के अधिकारियों को कईयों बार स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कहा गया, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। लोगों ने यह भी बताया कि बार-बार निवेदन करने के बाद पूरे आधारकाप में संगीता किराना स्टोर्स के सामने वाली गली में बिजली के खंभे तो लगा दिए गए, लेकिन इन खंभों में अब तक स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। लोगों ने यह भी कहा कि नगर निगम प्रशासन हर साल प्रकाश कर के रूप में लोगों से टैक्स की भारी भरकम रकम वसूल करता है, इसके बाद भी नगर निगम द्वारा पूरे क्षेत्र में प्रकाश की व्यवस्था करने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों ने नगर निगम महापौर प्रीति सूरी एवं आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे से आधारकाप की गलियों में स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है।



**परेशान हो रहे नागरिक, आवागमन में दिक्कत, जीव जंतुओं का खतरा, लोगों ने कहा : टैक्स पूरा ले रहे, सुविधाएं नहीं दे रहे**

# चिकित्सक ने पत्रकार को दी झूठे मामले में फंसाने की धमकी

कटनी, यशभारत। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढीमरखेड़ा में व्याप्त व्यवस्थाओं को कवरेज करने से पत्रकारों को रोका जा रहा है व दबाव बनाने के लिए झूठे मामले में फंसाने के लिए धमकाया जा रहा है। जिसको लेकर श्रमजीवी पत्रकार संघ ढीमरखेड़ा द्वारा राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढीमरखेड़ा में पदस्थ आयुर्वेद डॉक्टर जितेंद्र बंसल की नियुक्ति डेढ़ वर्ष से ढीमरखेड़ा में है, इनके द्वारा इलाज में घोर लापरवाही की जा रही है। वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1 सप्ताह के अंदर दो नवजात शिशु की मौत भी हुई है, जिसका कवरेज पत्रकारों द्वारा करने पर आयुर्वेद डॉक्टर द्वारा दबाव बनाने हेतु थाने में हरिजन एक्ट लगवाने की धमकी देते हुए पत्रकारों को धमकाया जा रहा है। इस संबंध में ढीमरखेड़ा एसडीएम नदीमा सीरी ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सक स्वास्थ्य केंद्र में सेवाएं नहीं दे सकता है। बीएमओ से चर्चा कर मामले के संबंध में जानकारी लेकर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।





### शत चंडी महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

कटनी, यशभारत। शत चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन शारदा मंदिर तिगमां में किया जा रहा है। बैठकी के दिन कलश यात्रा शारदा मंदिर तिगमां से होते हुए मरही माता मंदिर बहोरीबंद से तिगमां पहुंची। यात्रा में रामेश्वर पटेल, नरेंद्र पटेल, उम्मेद पटेल, रामसुजान, गजराज, करण, विष्णु, राकेश, कमलेश, महेश , कालूराम, पप्पू, सरमन, रामकुमार, सुशील, अमित, मथुरा पटेल एवं माताएं, बहनों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# चौबीस घंटे में बनी हाईमास्क लाइट

### अब रोशनी से जगमगा रहा फारेस्टर प्लेग्राउण्ड, , यशभारत की खबर का असर

यश भारत
खबर का असर

**कटनी, यशभारत।** फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में पिछले कई महीने से बंद पड़ी हाईमास्क लाइट से ग्राउण्ड में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, जिसकी वजह से इवनिंग वॉक करने के लिए आने वाले लोगों के साथ ही खिलाड़ियों को हो रही परेशानियों को लेकर यशभारत में प्रकाशित खबर का तत्काल असर हुआ है। इस खबर पर संज्ञान लेते हुए महापौर श्रीमती प्रीति सूरी के निर्देश पर नगर निगम के विद्युत विभाग द्वारा खबर प्रकाशित होने के 24 घंटे के भीतर फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में लगी हाईमास्क लाइट में सुधार किया गया है। सुधार होने के बाद अब हाईमास्क लाइट जगमगा रही है, इससे पूरे ग्राउण्ड में चहुंओर रोशनी जगमग होर ही है। इवनिंग वॉक करने आने वाले लोगों और खिलाड़ियों ने महापौर एवं यशभारत के प्रति आभार जताया है।



### आदर्श कॉलोनी में दशहरा पर होगा रावण दहन

कटनी, यशभारत। न्यू आदर्श कालोनी राजपूत हाउस दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार भी दशहरा के दिन रावण दहन एवं गरबा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके लिए पांचवी बार अध्यक्ष पद पर तनवीर खान तन्नू को चुना गया है। दशहरा समिति के सत्येन्द्र चनपुरिया, गुड्डा तिवारी, राजेन्द्र अग्रवाल, अरविंद जायसवाल, डॉ सुरेंद्र राजपूत, सत्यम मोदी, श्रीनाथ गुप्ता, दिनेश सोनी, सौरभ चौदहा, राजेश सोनी, संजय सोनी, सुनील अरोरा, राजेश यादव, डॉ शैलेंद्र पटेल, अमित सुहाने, कपिल सोनकर, अमित तिवारी, राजेन्द्र साहू, आर पी गुप्ताए कमल बड़ेरिया ए घनश्याम सरावगी ए राजेन्द्र अग्रवाल ए घनश्याम सराओगी मुकेश द्विवेदी, डॉ ज्योति राजपूत ने सभी से पहुंचने की अपील की है।

# शिविर लगाकर हितग्राहियों को दिलाएं योजनाओं का लाभ

### स्वच्छता संबंधी कार्यों में प्रगति लाने शिविर का आयोजन



**विजयराघवगढ़,यशभारत।** मुख्यमंत्री जन सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर शासन द्वारा लाभ प्रदाय किए जाने हेतु चल रही प्रतिक्रिया को गति प्रदान करने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश शुक्ला के निर्देशन में जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसवारा में शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों की पहचान एवं सत्यापन करते हुए लाभ प्रदान करने का संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित कर ग्रामीण पेयजल व्यवस्था शालाओं में नियमित समय से उपस्थित अध्ययनरत छात्र छात्राओं को मध्यान भोजन एवं गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेते हुए उपस्थित ग्रामीण जनों से स्वच्छता संबंधी संवाद करते हुए पात्र हितग्राहियों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अपनाकर निम्न बीमारियों से छुटकारा पाने समझाइश दी गई। इस अवसर पर बीवी दुबे, सरपंच श्रीमती सुंदर बाई गोटिया, उपसरपंच अभय मिश्रा, तहसीलदार विजय द्विवेदी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी प्रिया शुक्ला, बीएसी कुलदीप शुक्ला, सचिव विकास दत्त मिश्रा, विजय गोटिया, संतोष दहिया, जयप्रकाश गोटिया, उमेश जायसवाल, अंजनी बर्मन ग्रामीणों की उपस्थित रही।



## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रमांक 123/स्वा.वि./2022 — कटनी दिनांक 19.9.2022

### चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदाएं http://mptenders.gov.in पर KEY DATE & TIME अनुसार पंजीकृत फर्मो से लमसम दर पर आमंत्रित की जाती है। समस्त शर्ते व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम कटनी में अथवा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कटनी शहर के विभिन्न 11 स्थानों पर निर्मित सामुदायिक भवन/सार्वजनिक शौचालय काम्पलेक्स स्वच्छ सर्वेक्षण एवं ODF++ के मापदंड अनुसार संचालव व संधारण कार्य। | 10.000/- | 1,00.000/- | 36 माह |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है- (1) निविदा प्रपत्र एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 26.9.2022 को सायंकाल 5.30 से।
(2) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.10.2022 को सायंकाल 5.30 तक।
(3) बिड खोलने की तिथि 13.10.2022 को सायंकाल 16.00 बजे से।
(4) निविदाकार को शौचालय संचालन/ संधारण हेतु प्रति माह किये जाने वाले भुगतान से 5 प्रतिशत सुरक्षा निधि राशि की कटौती की जावेगी जो कार्यावधि समाप्त होने के पश्चात वापिस की जावेगी।
(5) निविदा में प्रति शौचालय प्रति माह की दर (जीएसटी इत्यादि समस्त टैक्स सहित) प्रस्तुत की जावे। विपरीत स्थिति में निविदा निरस्त की जावेगी।
(6) निविदाकार को पीडब्ल्यूडी पंजीयन/ सोसाइटी पंजीयन फर्म का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पंजीयन , पैन पंजीयन एफिडेविट ई.पी.एफ./ ई.एस.आई.सी. पंजीयन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

आयुक्त महोदय के आदेशानुसार

स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम कटनी




# राखी पुरैनी स्कूल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

### 9 बच्चे दृष्टि दोष से ग्रसित

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय राखी पुरैनी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डॉक्टर सबनम बानो एवं नेत्र सहायक एस के श्रीवास्तव द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ हीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अध्ययनरत बच्चों को रोगानुसार दवा वितरित की गई। डॉ सबनम बानो ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने हेतु सावधानियां एवं भोजन मे गाजर, चुकन्दर, पपीता आदि खाने की सलाह दी। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुल 9 बच्चे दृष्टि दोष से ग्रसित पाए गए। इस अवसर पर शाला का समस्त स्टाफ व पालकों की उपस्थिति रही।



# हॉस्टल के छात्रों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, किया मोटिवेट

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** अनुसूचित जाति जनजाति कार्य विभाग के निर्देशानुसार शासकीय सीनियर अनुसूचित जाति नवीन बालक छात्रावास विजयराघवगढ़ में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान सेवा पखवाड़ा छात्रावास भ्रमण एवं निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस हेतु शैलेंद्र मिश्रा खनिज निरीक्षक द्वारा द्वारा छात्रावास में भ्रमण निरीक्षण किया। इस दौरान शासन से प्राप्त बिंदुओं पर निरीक्षण चेक लिस्ट मौके पर तैयार की गई। इस अवसर पर छात्रों को मोटिवेट करने के लिए अरुण कुमार गुप्ता आईटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर द्वारा छात्रों को आईटी के बारे में व्याख्यान दिया गया। छात्रों से निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा भोजन नाश्ता साफ सफाई के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। छात्रों द्वारा उक्त सुविधाओं से संतुष्टि पूर्वक जवाब दिए गए निरीक्षण कर्ता अधिकारी ने छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अपना उज्जवल भविष्य बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम में विशेष रुप से मिश्रा खनिज निरीक्षक, अरुण कुमार गुप्ता आईटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर, अधीक्षक एनएनपी जरहा छात्रावास की कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।


कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआइ जांच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com


# आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ाया कदम

### अपना स्वदेशी खादी ग्राम उद्योग द्वारा सोलर चरखा मशीन का उद्घाटन



**कटनी, यशभारत।** अपना स्वदेशी खादी ग्राम उद्योग द्वारा स्वरोजगार हेतु सोलर चरखा मशीन का उद्घाटन किया गया, जिसमें निर्देशक संजीव पटेल, राष्ट्रीय मार्गदर्शक मनोज गोस्वामी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, स्वयं सहायता समूह की अधिकारी शबाना बेगम, रीठी कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र राजपूत, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजू शर्मा, अखिल भारतीय गोस्वामी समाज से राकेश गोस्वामी, रंजीत गोस्वामी और हिम्मत गोस्वामी उपस्थित रहे। अपना स्वदेशी खादी ग्राम उद्योग प्राइवेट लिमिटेड के मध्य प्रदेश सहयोगी आचार्य संदीप गोस्वामी ने बताया कि देशभर में स्वरोजगार को लेकर अभियान संचालित किया जा रहा है। आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण में यह अनूठी पहल है। इसी कड़ी में सोलर चरखा मिशन का शुभारंभ किया गया है। नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि 16 चक्का मशीन द्वारा लोग आसानी से स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं और एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर कटनी सोलर चरखा मशीन के ट्रेनर किरण तिवारी, सोलर झटका मशीन सुनील पटेल, मुकेश पटेल उपस्थित रहे।


किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340



Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

From 16th September 2022

| Cineworldz Cinema Katni by CMW.. | |
|---|---|
| Schedule for the 16.09.2022 to 22.09.2022 | |
| AUDI - 1 | SHOW |
| Siya 2D Hindi | 10:00AM |
| Jahan Chaar Yar 2D Hindi | 12:15PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 03:00PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 06:10PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 09:20PM |
| AUDI - 2 | SHOW |
| Brahmastra 3D Hindi | 12:30PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 03:45PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 07:00PM |
| Brahmastra 3D Hindi | 10:10PM |
| AUDI - 3 | SHOW |
| Siya 2D Hindi | 12:00PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 02:15PM |
| Jahan Chaar Yar 2D Hindi | 05:30PM |
| Brahmastra 2D Hindi | 08:00PM |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# कमलनाथ को सोनिया गांधी ने दिल्ली बुलाया

## गहलोत-पायलट गुट में कराएंगे सुलह, यह भी हो सकता है?

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ दिल्ली रवाना हो गए हैं। राजस्थान में सीएम की कुर्सी के लिए मचे सियासी घमासान को कंट्रोल करने के लिए सोनिया गांधी ने अब कमलनाथ को जिम्मेदारी दी है। सूत्रों की मानें तो सोनिया ने कमलनाथ को फोन कर दिल्ली आने के लिए कहा।कुर्सी को लेकर राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलेट के बीच चल रहे घमासान की वजह से कमलनाथ को विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में बताया जा रहा है, राजस्थान में सीएम की कुर्सी को लेकर विधायकों के इस्तीफे के बाद अब कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कमलनाथ का नाम आगे किया जा सकता है। सोनिया और कमलनाथ की मीटिंग के बाद आज कुछ तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।कांग्रेस अध्यक्ष के लिए सबसे प्रमुख दावेदार माने जा रहे अशोक गहलोत सियासी संकट में घिर गए हैं। ऐसे में पूरे देश में ये मैसेज जा रहा है कि राजस्थान के सीएम रहते हुए अपने राज्य में अपनी ही पार्टी के संकट को संभालने में नाकाम रहे नेता को यदि कांग्रेस अध्यक्ष बनाया जाता है तो आगे आने वाले वक्त में स्थितियां बिगड़ सकती हैं। कांग्रेस नेताओं की माने तो अब अशोक गहलोत की जगह दूसरे नामों पर विचार हो रहा है। अचानक पैदा हुए हालातों के बीच कमलनाथ का नाम आगे किया जा सकता है। सूत्रों की माने तो कमलनाथ के नाम पर जी-23 के नेता भी सहमत हो गए हैं।



### दिग्विजय के प्रेशर से बदली परिस्थितियां

कमलनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष के मुख्य दावेदार अशोक गहलोत को सीएम पद छोड़ने को लेकर कई बार सार्वजनिक बयान भी दिए हैं। लगातार प्रेशर के बाद अशोक गहलोत ने सार्वजनिक तौर पर यह कह दिया कि वे सीएम का पद छोड़ने को तैयार हैं, लेकिन अगली बार राजस्थान में सरकार की वापसी कराने में सक्षम नेता को सीएम बनाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदारों में दिग्विजय सिंह का भी नाम प्रमुखता से चला। एक इंटरव्यू के दरम्यान दिग्विजय सिंह ने खुद को इस दौड़ में शामिल बताया था। हालांकि, उन्होंने आखिरी फैसला कांग्रेस नेतृत्व और सोनिया-राहुल पर छो?ने की बात भी कही थी। एक व्यक्ति-एक पद के फॉर्मूले को पालन कराने के बयानों पर गहलोत सहमत तो हो गए, लेकिन राजस्थान में सियासी संकट पैदा हो गया। इस संकट को संभालने में खुद हो असहाय बताने के बाद गहलोत के अलावा दूसरे नामों की चर्चा भी तेज हो चली है।

## मध्यप्रदेश के 46 नगरीय निकायों में मतदान जारी

# 8.42 लाख मतदाता डालेंगे वोट

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश के 18 जिलों के 46 नगरीय निकायों में मंगलवार सुबह 7 बजे मतदान शुरू है। आज आठ लाख 42 हजार 515 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। इसके लिए 1 हजार 212 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने मतदाताओं से आग्रह किया है कि निर्भय होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कहा है कि 18 जिलों के 46 नगरीय निकायों में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हैं। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। मतदान सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना 30 सितम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने बताया है कि 46 नगरीय निकायों में 3397 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। कुल 25 पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनमें से नगरीय निकाय खुरई में 21 और बम्हनीबंजर, बैहर, महेश्वर और थांदला में एक-एक पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। सागर जिले की नगर परिषद कर्रापुर, नगरपालिका परिषद खुरई, गढ़ाकोटा, सिंगरौली की नगर परिषद सरई, बरगवां, शहडोल की नगर परिषद बुढ़ार, जयसिंह नगर, नगरपालिका परिषद शहडोल, अनूपपुर की नगर परिषद बरगवाँ (अमलाई), नगरपालिका परिषद कोतमा, बिजुरी, उमरिया की नगरपालिका परिषद पाली, डिण्डोरी की नगर परिषद डिण्डोरी, शहपुरा, मण्डला की नगर परिषद बम्हनीबंजर, बिछिया, निवास, नगरपालिका परिषद मण्डला, नैनपुर, बालाघाट की नगर परिषद बैहर, नगरपालिका परिषद मलाजखण्ड, सिवनी की नगर परिषद लखनादौन, छिंदवाड़ा की नगर परिषद मोहगाँव हवेली, हर्रई, नगरपालिका परिषद पांढुर्ना, सौंसर, दमुआ, जुन्नारदेव, बैतूल की नगर परिषद चिचोली, आठनेर, नगरपालिका परिषद सारणी, रायसेन की नगर परिषद देवरी, खण्डवा की नगर परिषद छनेरा, पुनासा, बुरहानपुर की नगरपालिका परिषद नेपानगर, खरगोन की नगर परिषद मण्डलेश्वर, महेश्वर, भीकनगाँव, अलीराजपुर की नगर परिषद चन्द्रशेखर आजाद नगर, जोबट, नगरपालिका परिषद अलीराजपुर, झाबुआ की नगर परिषद थांदला, पेटलावद, रानापुर, नगरपालिका परिषद झाबुआ और रतलाम जिले की नगर परिषद सैलाना में मतदान होगा।




# वाल्मी संस्थान के पास फिर दिखा बाघ, पहले भी नजर आ चुके हैं वन्य जीव, वीडियो वायरल

**भोपाल , यशभारत** भोपाल के वाल्मी संस्थान के पास आये दिन वन्य जीव दिखाई दे रहे हैं। सोमवार को यहां दिन में बाघ दिखाई दिया। कुछ लोगों ने बाघ का वीडियो भी बनाया है, जो कि सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बाघ वाल्मी की बॉउड्री के अंदर जाते दिख रहा है। वहीं, इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वाल्मी के आसपास कलियासोत और केरवा क्षेत्र है, जो बाघों का इलाका है। बाघ की उम्र करीब तीन साल बताई जा रही है, जो कि उसी क्षेत्र की बाघिन का बच्चा है। बताया जा रहा है कि इस बाघ का चार-पांच महीने से इस क्षेत्र में ज्यादा मूवमेंट हो रहा है। इस संबंध में वाल्मी संस्थान को पत्र लिखकर बाघ के मूवमेंट की सूचना भी दी गई थी। बाघ का मूवमेंट अधिकतर रात में होता है। लेकिन सोमवार को दिन में लोगों को बाघ दिखा।



### कुलपति के बंगले में घुस चुका है बाघ

वन विभाग के अधिकारी के अनुसार सोमवार को दिखा बाघ ही फरवरी 2022 में भोज यूनिवर्सिटी के कुलपति के बंगले में घुसा था। इसके बाद वन विभाग ने कलियासोत और केरवा में चौकसी बढ़ाई है। भोपाल के डीएफओ आलोक पाठक ने कहा कि बाघ के मूवमेंट की वन विभाग को जानकारी है।

# 59 हजार व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार, 19 औद्योगिक क्लस्टर का लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश में 11 जिलों में 19 औद्योगिक क्लस्टर बनाए जाएंगे। इनका शिलान्यास मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 29 सितंबर को बुधनी में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में करेंगे। इसके साथ ही तीन औद्योगिक क्लस्टस, एक औद्योगिक क्षेत्र, दो इन्क्यूबेशन सेंटर्स और एक स्टार्टअप सेंटर का लोकार्पण भी किया जाएगा। इससे 59 हजार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। उधर, रोजगार दिवस कार्यक्रम के माध्यम से सभी जिलों में स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र दिए जाएंगे। रोजगार दिवस और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्लस्टर के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने देर शाम समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि पांच हजार 521 करो? रुपये के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण होगा। इससे रोजगार के नए अवसर बनेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी व्यक्ति स्वरोजगार करना चाहिए, उसे हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए अलग नीति बनाई गई है।

# मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में आठवीं तक के विद्यार्थियों को चार जोड़ी गणवेश मिलेगी

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को जल्द ही गणवेश मिलेगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पहली से आठवीं तक के 66 लाख विद्यार्थियों के लिए स्व सहायता समूहों को गणवेश तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं। इस बार विद्यार्थियों को चार जो?ी गणवेश मिलेगी। सत्र 2021-22 व वर्तमान सत्र 2022-23 के गणवेश एक साथ देने का शासन ने निर्णय लिया है। हालांकि, गणवेश मिलने में विद्यार्थियों को अभी कम से कम दो-तीन माह का इंतजार करना प? सकता है। बता दें, कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को निश्शुल्क दो जो?ी गणवेश हर साल दी जाती है।



### 50 प्रतिशत राशि का भुगतान होगा

पिछले सालों में स्कूल शिक्षा विभाग गणवेश के लिए 75 प्रतिशत राशि का अग्रिम भुगतान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विकास विभाग के अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन को किया था, लेकिन जब स्कूलों में गणवेश मिली तो उसकी क्वालिटी खराब थी। इस बार विभाग ने प्रस्ताव भेजा है कि गणवेश के लिए 50 प्रतिशत राशि का अग्रिम भुगतान किया जाएगा। जब गणवेश सिलकर मिलेगी तो उसकी गुणवत्ता चेक की जाएगी। अगर गुणवत्ता अच्छी होगी तो शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा।पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए दो जोड़ी गणवेश तैयार करने के लिए 600 रुपये की राशि दी जाती है। हर साल राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 390 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन इस बार चार जोड़ी गणवेश वितरित की जाएंगी।वहीं सीएम राइज के स्कूलों में सिर्फ इसी सत्र के लिए पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को उनके बैंक खाते में दो जोड़ी गणवेश के लिए 600 रुपये की राशि दी जाएगी।

### इनका कहना है

-इस बार पिछले और वर्तमान सत्र के गणवेश का वितरण एक साथ किया जाएगा। इसके लिए स्व सहायता समूहों को गणवेश तैयार करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

**धनराजू एस, संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र**

# तीन घंटे तक रेलवे ट्रैक पर पड़ा रहा बुजुर्ग का शव

**भोपाल,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के खंडवा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में ट्रेन हादसे का शिकार हुए व्यक्ति के शव पर से दूसरी ट्रेनें गुजरती नजर आ रही है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस को सूचना देने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जिसके कारण शव पटरी पर पड़ा रहा और उस पर से ट्रेनें लगातार गुजरती रही। पुलिस का कहना है कि सूचना देर से मिली। चालू ट्रैक होने की वजह से यह स्थिति बनी, लेकिन स्टेशन मास्टर चाहते तो अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दूसरे ट्रैक से गाड़ी निकल सकते थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शव रेलवे ट्रैक पर प?ा है। उस शव पर से ट्रेनें गुजर रही हैं। घटना सोमवार सुबह लगभग 7 बजे की है। इस घटना की सूचना रेलवे पुलिस को भी दी गई थी, लेकिन 10~30 बजे तक कोई भी पुलिसकर्मी शव को रेलवे ट्रैक से हटाने नहीं पहुंचा। ना ही परिजनों को पटरी पर पड़े शव को हटाने की इजाजत दी। पटरी पर पड़े शव के ऊपर से 3 घंटे तक लगातार ट्रेनें गुजरती रही। वीडियो में देखा भी जा सकता है कि एक यात्री ट्रेन शव के ऊपर से गुजर रही है।

### लाश के ऊपर लगातार गुजरती रहीं ट्रेनें ; वीडियो वायरल

क्या है पूरा मामला- मिली जानकारी के अनुसार सिहाड़ा के रहने वाले 60 वर्षीय बुजुर्ग शेख बाबू रोज की तरह पशुओं के लिए चारा सर पर रख कर रेलवे ट्रैक क्रॉस कर रहे थे। इसी बीच एक यात्री ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन ने बताया कि वह सुबह पशुओं के लिए चारा लेकर जा रहे थे। इसी दौरान मथेला स्टेशन पर उनके साथ दुर्घटना हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हमने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी लेकिन पुलिस 3 से 4 घंटे तक मौके पर नहीं आई। इस दौरान उनका शव रेलवे ट्रैक पर ही पड़ा रहा।जीआरपी थाने के प्रभारी वीर प्रताप परिहार ने बताया कि स्टेशन मास्टर ने देर से मेमो दिया। मेमो मिलते ही हम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और वहां से शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जीआरपी टीआई के मुताबिक स्टेशन मास्टर अगर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर आने वाली गाड़ियों का रेलवे ट्रैक बदल देते तो शव के ऊपर से इतनी ट्रेन नहीं निकलती।

# आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसर की परीक्षा में प्रश्न-पत्र पर व्हाइटनर लगा मिला

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) की रविवार को आयोजित आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी परीक्षा विवादों में घिर गई। परीक्षा के प्रश्न पत्र पर कुछ जगह व्हाइटनर लगा मिला है। इसको लेकर परीक्षार्थियों ने एमपी पीएससी को शिकायत की है। उन्होंने परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है। इस मामले की सोमवार को शासन और पीएससी को उम्मीदवारों ने शिकायत की। एमपीपीएससी ने 692 पदों के लिए परीक्षा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में ऑफलाइन आयोजित की थी। इस परीक्षा में 4 हजार से ज्यादा अभ्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों ने शिकायत में बताया है कि प्रश्न पत्र के चार सेट थे। इनमें एक सेट में पहले से व्हाइटनर लगा था। उन्होंने प्रश्न पत्र लिक होने की आशंका व्यक्त की गई है। भोपाल में महात्मा गांधी स्कूल और एमएलबी को सेंटर बनाया गया था। शिकायत में कई सेंटर पर सीसीटीवी नहीं लगे होने की भी शिकायत की गई है। इस मामले की शिकायत के बाद अब उम्मीदवार प्रश्न पत्र लीक होने की आशंका के चलते एफआईआर करने की भी तैयारी कर रहे है।

### गड़बड़ी की आशंका



### भोपाल कलेक्टर ने दिया निर्देश

# बिना पहचान पत्र गरबा में नो-एंट्री

**भोपाल यशभारत।** नवरात्र शुरू हो गई है। जगह जगह पर अब गरबा भी होने शुरू हो जाएंगे। ऐसे में राजधानी भोपाल में बिना आईडी गरबा में नो-एंट्री रहेगी। इसे लेकर भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया ने गरबा आयोजकों को बिना आईडी प्रवेश नहीं देने का निर्देश दिया है। कलेक्टर ने कहा कि गरबा में शामिल होने के लिए पहचान पत्र आवश्यक रूप से लाना होगा। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी। बता दें कि भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने गरबा में एंट्री आईडी देखकर करने की मांग की थी। साथ ही हिंदूवादी संगठनों की मांग के बाद कलेक्टर ने यह फैसला लिया है। और दौरान इस मुद्दे को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भी बयान दिया था। उन्होंने कहा था जो लोग जय माताजी नहीं बोलते, जय कारे नहीं लगाते उन्हें गरबा में प्रवेश नहीं करना चाहिए। दरअसल नवरात्र में प्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर समेत शहरों में बड़े स्तर पर गरबा का आयोजन होता है। इसमें युवक-युवतियां भाग लेते हैं।

वहीं इसे लेकर मंत्री उषा ठाकुर ने इसे लेकर कहा था कि जो भी अल्पसंख्यक अपने धर्म से ऊब गए हैं या जिस मुस्लिम की मूर्ति पूजन में आस्था है। वो अपने परिवार के साथ गरबा में आ सकते है। उन्होंने कहा कि दूसरे धर्म के लोग जो गरबा में आना चाहते हैं, उन्हें परिचय पत्र दिखा कर गरबा मं प्रवेश दिया जाएगा। मंत्री उषा ठाकुर ने कहा था कि गरबा पांडल लव जिहाद का माध्यम बन गए थे, जिनमें प्रवेश के लिए अब परिचय पत्र दिखाना होगा। दरअसल कलेक्टर का यह फैसला अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। भाजपा सरकार ने कलेक्टर के फैसले का स्वागत किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पहचान पत्र दिखाने का निर्णय अच्छा फैसला है। गरबा एक सार्वजनिक कार्यक्रम है और यहां सामाजिक ताना-बाना ना बिगड़े इसलिए ये फैसला लिया गया है।

### नियम का उल्लंघन करने पर होगी कार्यवाई

# मध्य प्रदेश में चार लाख प्रधानमंत्री आवास बने एक साल में नौ लाख और बनेंगे

**भोपाल , यशभारत।** मध्य प्रदेश में छह माह में चार लाख प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) बन चुके हैं। सितंबर 2023 तक कुल 13 लाख आवास बनाने का लक्ष्य है। जो चार लाख आवास बन गए हैं, उनमें जल्द हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जाएगा। केंद्र सरकार ने प्रदेश को कुल 38 लाख आवास बनाने का लक्ष्य दिया था। एक अप्रैल 2022 से अभी तक चार लाख आवास का निर्माण हुआ है। इन्हें मिलाकर अभी तक 28 लाख 18 हजार आवास बन चुके हैं। नौ लाख से अधिक आवास सितंबर 2023 तक बनाए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आवास प्लस योजना में सा? सात लाख आवास ग्रामीण क्षेत्र में बनाने का लक्ष्य मिला है। इनमें से एक लाख बन चुके हैं। आवास निर्माण को गति देने के लिए दस हजार व्यक्तियों को राज मिस्त्री का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

## पुलिस के लिए रहस्य बने 16 दिन के जुड़वा बच्चे

# 4 दिन बाद भी नहीं मिला सुराग पति महिला को लेकर गया घर

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के टीटीनगर इलाके से एक महिला के 16 दिन के जुड़वा बच्चों को अगवा हुए चार दिन हो गए हैं। बच्चों के बारे में पुलिस को कोई पुख्ता जानकारी हाथ नहीं लगी है। पुलिस चार दिनों से सीसीटीवी और नालों की जांच कर रही है। इधर, महिला के बैरसिया से वापस आने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे प्रसव के कम दिनों को देखते हुए घर पर आराम की सलाह दी गई है, लेकिन चार दिन बाद भी एक सवाल है कि बच्चे आखिरकार कहां गायब हो गए? इसके बारे में पुलिस अधिकारी भी खामोश है। महिला के स्वस्थ होने के बाद ही आगे की पूछताछ होगी।बता दें कि 27 वर्षीय सपना धाकड़ बीते शुक्रवार सुबह कोलार रेस्ट हाउस बस्ती इलाके से दोनों नवजात शिशुओं को लेकर निकली थी। महिला का कहना है कि टीटी नगर के फुटपाथ से दोनों बच्चे लापता हो गए हैं। पुलिस की जांच पड़ताल में यह बात सामने आई थी कि मां कोलार रेस्ट हाउस से बच्चे लेकर निकली थी, लेकिन हबीबगंज पुलिस स्टेशन के पास जब सिटी बस में सवार हुई तो बच्चे उसकी गोद में नहीं थे। बीसीएलएल की बस का वीडियो दिखाने के बाद पीड़िता सपना धाकड़ हालत बिगड़ने लगी। बाद में उसे जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने सलाह दी कि उसके प्रसव को अभी 20 दिन हुए हैं। ऐसे में उसे कमजोरी है, कुछ दिन आराम कराया जाए। इस पर महिला का पति उसे लेकर घर चला गया है। पुलिस उसके स्वस्थ होने का इंतजार कर रही है। महिला ने पुलिस को बताया घटनाक्रम अपने 16 दिन के जुड़वा बच्चों के साथ सुबह करीब 4.30 बजे घर से निकली। करीब 10 मिनट बाद कोलार गेस्ट हाउस तिराहे पर पहुंची। जहां से वह मैनिट तिराहे की ओर चली गई। जहां से माता मंदिर चौराहे की ओर जाने लगी और रोशनपुरा चौराहे से होते हुए रंग महल टाकीज चौराहे पर पहुंची।सुबह 6.15 बजे से 6.45 बजे के बीच जब वह अपने बच्चों को फुटपाथ पर छोड़कर शौचालय चली गई, वापस आने प बच्चे गायब हो गए। इसके बाद उसने अपने पति को फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी।



महिला के बयान के बाद पुलिस जांच में सामने आयामहिला अपने जुड़वां बच्चों को लेकर करीब साढ़े चार बजे घर से निकली। करीब 10 मिनट बाद वह कोलार गेस्ट हाउस के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। वह दोनों बच्चों को एक हाथ और एक छतरी में पकड़े हुए थी।इसके बाद वह एकांत पार्क के पास से गुजरी और हबीबगंज थाने के पास बच्चों के साथ कैमरे में कैद हुई थी।

## गृह मंत्री का तंज , कांग्रेस को बताया डूबता जहाज

# दिग्विजय पर भी साधा निशाना

**भोपाल, ईएमएस।** राजस्थान में राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कांग्रेस में आपसी अंतर्कलह देखा जा रहा है। आलाकमान चाहती है कि यहां परिवर्तन करते हुए मुख्यमंत्री पद किसी और को सौंप दी जाए। और सीएम पद पाने की होड़ में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के समर्थक अब आमने-सामने हो गए हैं। बीती रात गहलोत कैंप के 76 विधायकों ने स्पीकर सीपी जोशी को इस्तीफा सौंपा है। निर्दलीय विधायकों समेत कांग्रेस को कुल 120 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। और निर्दलीय 13 विधायक है। वहीं राजस्थान में चल रही इस सियासी उठापटक के बीच मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पर तंज कसा है। गृह मंत्री ने कहा कि दिल के हजार टुकड़े होंगे कोई यहां गिरेगा, कोई वहां गिरेगा। राजस्थान में कांग्रेस का हश्र देखने लायक होगा। वह एक डूबते हुए जहाज की तरह दिखाई दे रही है। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और कांग्रेस छोड़ो यात्रा प्रारंभ हो चुकी है।इसके अलावा नरोत्तम मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के आरएसएस को तुलना पीएफआई से करने वाले बयान पर पलटवार भी किया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जाकिर नायक को शांतिदूत बताकर ओसामा के नाम के आगे जी लगा दे, उनसे और कुछ उम्मीद नहीं की जा सकती। पूरा देश ये अच्छे से जानता है कि आरएसएस के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।





यश भारत
खबर विशेष

कैमोर,यशभारत। दो दिन की तेज धूप के बाद अब कैमार के एसीसी रामलीला मैदान का कीचड़ सूखने लगा है। 26 सितम्बर सोमवार को बैठकी के दिन ही यहां बने विशाल मण्डप में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के सिंहवाहिनी रूप में महिषासुर का मर्दन करने वाली भव्य प्रतिमा भी स्थापित हो गई है। बारिश का दौर थम जाने और रामलीला मैदान में मां दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा हो जाने के बाद रामलीला मैदान आने वाले दर्शकों की भीड़ बढ़ने लगी है। जिससे कैमोर के स्थानीय व्यापारियों सहित दूर दराज से यहां आने वाले व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली है। रामलीला मैदान में ही एक ओर 85 फुट ऊंचे रावण के विशाल पुतले का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। कल सुबह क्रेन के माध्यम से रावण के दस सिरों को पुतले पर स्थापित किया गया है। उम्मीद है कि 5 अक्टूबर को दहन होने के 3-4 दिन पहले ही रावण का यह विशाल पुतला अपने अस्त्र-शस्त्रों के साथ सजकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

# कैमोर के दशहरा मेले में उमड़ने लगी भीड़

## क्रेन की सहायता से तैयार हो रहा रावण का 85 फुट ऊंचा विशाल पुतला

### खान-पान, सौंदर्य प्रसाधन और क्राकरी के भी लगे स्टॉल




रामलीला मैदान के भीतर से लेकर बाहर प्रदर्शनी मैदान तक में खान-पान की दर्जनों दुकानें लगीं हैं, जिनमें इडली, डोसा से लेकर चाऊमीन, पावभाजी सहित अलग अलग राज्यों के प्रचलित स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध है। चाट, पकौड़े से लेकर आईसक्रीम और ताजा पॉपकॉन भी उपलब्ध है। लोग सपरिवार इन स्टॉलों में पहुंचकर स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले रहे है। इसके अलावा सौदर्यं प्रसाधन की भी दर्जनों दुकानें बाहर से आईं हैं, जिनमें चूड़ी, कंगन, कड़े एवं अन्य सामान महिला वर्ग को काफी आकर्षिक कर रहा। तरह-तरह के बर्तन और क्रॉक्ररी के भी स्टॉल लगे हुए हैं। लोग अपने-अपने पसंद की वस्तुएं खरीदते देखे जा सकते हैं। हालांकि अभी खरीददारी की रफ्तार थोड़ा कम पर जैसे-जैसे मेले का समापन नजदीक आता जाएगा, वैसे-वैसे लोगों की खरीदी बढ़ती चली जाएगी।



भव्य पंडाल में विराजीं महिषासुर मर्दनी शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा



उल्लेखनीय है कि दो साल कोविड की पाबंदी के कारण कैमोर के ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव पर भी रोक लगी रही। इस साल कोरोना की पाबंदियां खत्म होने के बाद बेहद धूमधाम से दशहरा महोत्सव की तैयारियां की गई हैं। रामलीला मैदान में बने मंच से रामलीला का मंचन बीते 21 सितम्बर से प्रारंभ हो गया था पर पहले दिन से ही बारिश शुरू हो जाने के कारण उत्सव की चमक फीकी ही रही। लगातार 3-4 दिन की बारिश के कारण रामलीला मैदान कीचड़ से दलदल- में तब्दील हो गया था, जिसके चलते दर्शक मैदान में नहीं पहुंच सके। अब दो दिन से बारिश बंद है। दिन में तेज धूप के कारण कीचड़ काफी कुछ सूख चुका है। जिसके चलते दर्शकों ने रामलीला मैदान पहुंचना शुरू कर दिया है। कल बैठकी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित हो जाने के बाद हजारों की संख्या में श्रद्धालु मातारानी के दर्शन करने रामलीला मैदान पहुंचे।



### 6 अक्टूबर से शुरू होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

दशहरा उत्सव के बाद रामलीला मंच से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति का दौर शुरू होगा। 6 अक्टूबर को कैमोर और आसपास के स्थानीय कलाकार अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। गायन, वादन एवं एकल तथा सामूहिक नृत्यों के साथ-साथ लोगों को हास्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी देखने को मिलेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रभारी जीएम हेल्थ डॉ. ज्यूरिक महेश के मार्गदर्शन तथा मनीष नवैत एवं संजय सिंह के नेतृत्व में स्थानीय कलाकार जिमखाना आडोटोरियम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अभ्यास कर रहे हैं। 7 अक्टूबर को रामलीला मंच से नागपुर की सिंगिंग स्टॉर आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम होगा। 8 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा। कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवियत्री कविता तिवारी बनारस, अशोक नागर, पॉपुलर मेरठी, संपत सुरीला, राहुल शर्मा आदि का भी अपनी कविताओं का पाठ करेंगे।

### इस बार नहीं हो रही कव्वाली

उल्लेखनीय है कि कैमोर के दशहरा महोत्सव के बाद होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कवि सम्मेलन के बाद दूसरे दिन कव्वाली का आयोजन हमेशा होता रहा है। एसीसी में काम करने वाले सभी मुस्लिम कर्मचारी और अधिकारी भी अपना एक -एक दिन का वेतन दशहरा महोत्सव के लिए देते आ रहे है। नगर के मुस्लिम बंधु भी दशहरा महोत्सव में पूरी भागीदारी का निर्वाह करते है। उनकी पसंद को देखते हुए ही दशहरा महोत्सव का समापन अब तक कव्वाली के आयोजन से होता रहा है पर इस बार कव्वाली का कार्यक्रम नहीं रखा गया जिससे मुस्लिम बंधुओं में थोड़ा निराशा का माहौल है। इस बार शुरू के चार दिन लगातार बारिश के कारण दर्शक मैदान में नहीं पहुंच सके जिससे हजारों रूपए किराया देकर दुकानें लगाने वाले व्यापारियों को काफी नुकसान हुआ है। अगर एक दिन कव्वाली का आयोजन हो जाता तो व्यापारियों को भी एक दिन का और मौका मिल जाता जिससे उनके नुकसान की किसी हद तक भरपाई हो सकती थी।

### रावण का पुतला 80 फीसदी तैयार

रामलीला मैदान के स्टेडियम में पिछले लगभग डेढ़ महीने से रावण के विशाल पुतले का निर्माण किया जा रहा। पहले दोनों पैर तैयार किए गए फिर धड़ तैयार कर क्रेन के माध्यम से पैरों के ऊपर स्थापित किया गया। पैर और धड़ लग जाने के बाद कल सुबह क्रेन के माध्यम से धड़ के ऊपर रावण के दस सरों को भी स्थापित कर दिया गया है। दोनों हाथों का निर्माण जारी है। तलवार और ढाल से सुसिज्जत इन हाथों को भी क्रेन और अन्य मशीनीरी की सहायता से विशेषज्ञों द्वारा पुतले में लगाया जाएगा। उम्मीद है कि एक या दो अक्टूबर तक रावण का पुतला पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा, पुतला तैयार होने के बाद मैदान में आने वाले दर्शकों की संख्या में और इजाफा हो जाएगा।

### तरह-तरह के झूले, मौत का कुआं बना आकर्षण का केंद्र



रामलीला मैदान के बाहर प्रदर्शनी मैदान में जहां एक ओर विशाल आकाशीय झूला लगा हुआ है वहीं नाव और अन्य प्रकार के आधा दर्जन से भी अधिक झूले लोगों को आकर्षित कर रहे। बच्चों के लिए कार वाले झूले और मिक्की माउस सहित अन्य स्टॉल लगे हुए हैं जो बच्चों का भरपूर मनोरंजन कर रहे। मौत के कुएं में कार और मोटरसाईकिल का रोमांचक नजारा देखकर लोगों की सांसे थम जातीं हैं। पूर्व में यह चर्चा थी कि इस बार झूलों की दर काफी महंगी रहेगी पर ऐसा कुछ भी नहीं है। 20 रूपए से लेकर 30 रूपए और 40 रूपए तक का शुल्क ही झूलों का वसूल किया जा रहा। प्रदर्शनी मेले में सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए हैं।

### पांच अक्टूबर को चल समारोह के बाद होगा पुतला दहन

कैमोर में दशहरा आगामी पांच अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह हवन पूजन और भंडारे के बाद मां जगतजननी की विदाई होगी। मातारानी का चलसमारोह रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर मुरलीधर मंदिर होते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर निकलेगा। रामलीला मंडल के कलाकार विभिन्न पात्रों की वेशभूषा में जीवंत झांकियों के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा संडे मार्केट, आजाद चौक होते हुए अमरैया पार बस स्टैण्ड पहुंचेगी वहां से वापसी में विसर्जन घाट एसीसी खदान पहुंची जहां हाईडा एवं क्रेन के माध्यम से विशाल दुर्गा प्रतिमा का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों सहित एसीसी दशहरा कमेटी के पदाधिकारियों की भी उपस्थिति रहेगी। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के भी पूरे इंतजाम किए जाएंगे। चल समारोह के बाद शाम 7 बजे से रामलीला का मंचन प्रारंभ होगा कुछ देर मंचन के बाद आतिशबाजी का क्रम शुरू हो जाएगा। लगभग एक घंटे की शानदार आतिशबाजी के बाद रावण के विशालकाय पुतले का दहन होगा। पुतला दहन के लिए इस बार भी आकाश मार्ग से आने वाले अग्निबाण की तकनीक की हैरतअंगेज प्रस्तुति होगी जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र होगी।

# पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कटनी,यशभारत।** विगत दिवस माधवनगर स्थित जागृति पार्क में भारतीय स्टेट बैंक कटनी मुख्य प्रबंधक देशराज गुप्ता संयुक्त मोर्चा संस्थापक सरमन तिवारी रामाधार गौतम, प्रोफेसर अजय कुररिया मोर्चा सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर लकी, लिपिक वर्गीय शास. कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुनील दत्त मिश्रा एवं कटनी पर्यावरण समिति सचिव निरंजन पंजवानी कोषाध्यक्ष जाकिर हुसैन जागृति संस्था अध्यक्ष श्रीमती डॉ.उमा निगम सचिव लक्ष्मीकांत भारद्वाज कपूर सोनी डी एस लोधी की उपस्थिति में फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने कहा यदि पेडों की कटाई को नहीं रोका गया तो प्रकृति का संतुलन पूरी तरह बिगड़ जायेगा इसलिये सभी सामाजिक संस्थाओं को बढ़चढ़कर वृक्षरोपण करना चाहिए, जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे।



# तम्बाकू सेवन के दुष्परिणाम से बच्चों को किया जागरूक

## एमजीएम फाउंडेशन द्वारा खरखरी शाला में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।**

आजकल बच्चों में भी कम उम्र से ही तम्बाकू एवं गुटखे की आदत देखी जाती है। इसकी आदत ना लगे एवं जिसको इसकी आदत लग गयी है, उससे कैसे निजात पाई जा सके इसके लिए एमजीएम हॉस्पिटल कटनी की डॉ. मानसी गुप्ता (दंत विशेषज्ञ) द्वारा खरखरी सरकारी विद्यालय में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य के.सी सिंह एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। विद्यालय में तकरीबन दो सौ विद्यार्थियों ने इसका लाभ उठाया। बच्चों को बताया गया कि मुंह की सफाई कैसे रखी जाये, दांतों में कैसे कीड़े न लगें और तम्बाकू की लत को कैसे छुड़ाया जाए। सभी को पैम्प्लेट भी दिए गए जिसमें सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध थी। तम्बाकू से होने वाले विभिन्न कैंसर के बारे में बताया गया तथा कैंसर शरीर के किस हिस्से में हो सकते हैं यह भी बताया गया।

# सायना कॉलेज में नवप्रवेशियों का वेलकम अंतिम वर्ष के छात्रों की भावभीनी विदाई





### सेलिब्रिटी सिंगर हरमनराज कोहली की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ समापन



**कटनी,यशभारत।** सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज कटनी द्वारा नवागत छात्र-छात्राओं को फ्रेसर पार्टी एवं पाठ्यक्रम पूर्ण कर विदा होने वाले छात्रों को विदाई समारोह का शानदार कार्यक्रम निर्मल सत्य गार्डन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ वीणापाणि सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती डॉ. अंजली पाठक उपस्थित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय में पाठ्यक्रम पूर्ण कर विदा हो रहे छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ उन्हें स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके पश्चात नवागत छात्र छात्राओं का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। साथ ही सभी ने अपना शानदार परिचय दिया। इसके पश्चात नवागत छात्रों द्वारा फैशन शो का किया गया। इसके पश्चात जबलपुर से पधारे सेलिब्रिटी सिंगर हरमनराज व डीजे नाईट बाय डीजे मैक की शानदार प्रस्तुति दी गई। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्रछात्राओं के द्वारा डीजे की धुन पर थिरके व आनंद लिया। आज के इस कार्यक्रम के सूत्रधार व मुख्य आयोजक ऋषि अरोरा मैनेजमेंट रिप्रजेंटेटिव सायना इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज कटनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें कार्यक्रम की पूर्ण तैयारियां व प्रबंधन उनके कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम मंचासीन अतिथियों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य व समस्त शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टाफ व सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।






# रासेयो दिवस पर शिक्षण संस्थानों में विविध आयोजन

**कटनी,यशभारत।** राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में जिले के स्कूलों और कॉलेजों में शनिवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जहां प्राचार्य डॉ एस.के. खरे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय कुमार ठाकुर, अतुल कुमार के निर्देशन और मार्गदर्शन में श्रमदान ,स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। वहीं शासकीय महाविद्यालय सिलौंड़ी में भी पर्यावरण संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने ,स्वच्छता रैली जैसे आयोजन हुए। शासकीय महाविद्यालय बरही में भी राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जहां विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित जन जागरूकता संबंधी आयोजन हुए। प्राचार्य की अगुवाई में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा कलां में भी राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित आयोजन में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### बरही में भी हुआ समारोह



शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के वर्मा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद सिंह , सुश्री प्रियंका तोमर , डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व मे राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर शनिवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। गीत, नृत्य व नाटक जैसी विभिन्न सांस्कृतिक विधाओ में स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ आर के वर्मा द्वारा छात्र छात्राओ का मार्गदर्शन कर आशीर्वचन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज चौधरी व आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम मे प्रो. आर के त्रिपाठी, डॉ आर जी सिंह, , डॉ मंजुलता साहू, डॉ शिवानी बर्मन, श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती रूपा शर्मा समस्त स्टाफव स्वयंसेवक सर्वेश, अतुल, संतोष, शुभम, शिवम, धर्मेंद्र, दीपांजलि , सपना, सुलेखा, लक्ष्मी आदि का सहयोग रहा।






# इंग्लैंड की कप्तान ने दीप्ति पर लगाया झूठ बोलने का आरोप, बोलीं- डीन को नहीं मिली थी कोई चेतावनी

**लंदन, एजेंसी। भारत की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने सोमवार को पहली बार मांकडिंग मामले पर बयान दिया। दीप्ति ने कहा कि उन्होंने कई बार चार्लोट डीन को चेतावनी दी थी। साथ ही अंपायरों को भी आगाह किया था। इसके बाद उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ प्लान कर चार्लोट को रनआउट किया। अब उनके बयान पर इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट का बयान सामने आया है।इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट का कहना है कि भारतीय क्रिकेटर झूठ बोल रही हैं। चोटिल होने के चलते इस मैच में नहीं खेल रहीं हीदर ने ट्वीट किया कि मैच खत्म हो चुका है। चार्लोट नियमों के तहत आउट की गई हैं। भारत इस मैच और सीरीज का योग्य विजेता है, लेकिन चार्लोट को आउट किए जाने से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। ऐसा किया जाना भी जरूरी नहीं था। भारतीय क्रिकेटरों को चेतावनी दिए जाने का झूठ बोलकर इसे तर्कसंगत नहीं करना चाहिए।**

## 73 बार जल्द क्रीज छोड़ी इंग्लिश बल्लेबाज ने

हीदर के बयान ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उधर इंग्लिश पत्रकार पीटर डेला पेन्या ने ट्वीट किया कि चार्लोट डीन ने नॉन-स्ट्राइकर के रूप में 73 बार जल्दी क्रीज छोड़ी, जिसमें वह गेंद भी शामिल थी, जिस पर वह आउट हुई थीं। यानी डीन ने 85 प्रतिशत से गेंदों के डिलीवर होने से पहले ही नॉन स्ट्राइकिंग एंड पर क्रीज छोड़ दिया। मूल रूप से एक ओवर में वह लगभग 5 बार क्रीज से जल्दी निकल रही थीं।

## दीप्ति ने मांकडिंग को लेकर क्या कहा था?

इससे पहले भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने खुलासा किया कि उन्होंने चार्ली डीन को विवादास्पद मांकडिंग (रन आउट) करने से पहले कई बार चेतावनी दी थी। उन्होंने चेतावनी को नहीं माना तो टीम ने उन्हें नियमों के तहत इस तरह से आउट करने की योजना बनाई।

## अंपायर को भी पहले बोल दिया था- दीप्ति

इंग्लैंड से 3-0 से सीरीज जीतकर भारतीय टीम के साथ कोलकाता पहुंचीं दीप्ति ने यह भी कहा कि डीन को इस तरह से रन आउट करने से पहले उन्होंने अंपायर को भी बोला था। दीप्ति ने कहा कि हमने अंपायर को भी बोला था, लेकिन वह वहीं पर ही खड़ी रहीं। हम लोग कुछ नहीं कर सकते थे। यह झूलन गोस्वामी की अंतिम सीरीज थी। दीप्ति कहती हैं कि हर टीम को जीतना होता है और अंतिम मैच में हम चाहते थे कि झूलन दी को जीत तोहफे में दें। उसके हिसाब से हम जीत के लिए जो प्रयास डाल सकते थे हमने दिया।

# पेट दर्द और बुखार के बाद भी खेले सूर्यकुमार यादव, पांच छक्के और पांच चौके लगाकर दिलाई जीत

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने हाल फिलहाल में कई मैचों में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलाई है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में खेले गए तीन मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में भी उन्होंने तूफानी पारी खेल मैच का रुख बदल दिया। हालांकि, इस मैच में बल्लेबाजी के लिए उतरने से पहले तक सूर्यकुमार काफी बीमार थे। इसका खुलासा खुद उन्होंने किया है। सूर्या ने कहा कि वह रविवार को हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 से पहले पेट दर्द और बुखार से जूझ रहे थे। इतना ही नहीं, निर्णायक मैच होने की वजह से उन्होंने मेडिकल स्टाफ से कुछ भी करके और उन्हें मुकाबले के लिए तैयार करने का आग्रह किया था। प्लेयर ऑफ द सीरीज अक्षर पटेल के साथ बातचीत में सूर्यकुमार ने बताया कि कैसे वह तबीयत खराब होने के बावजूद खेलने में सफल रहे। इसका वीडियो बीसीसीआई ने ट्विटर पर शेयर किया है। सूर्यकुमार ने बताया- मौसम बदलने और काफी यात्रा करने की वजह से मेरे पेट में दर्द था और फिर मुझे बुखार भी हो गया। मुझे पता था कि यह निर्णायक मुकाबला। मैंने डॉक्टर और फिजियो से कहा कि अगर यह वर्ल्ड कप फाइनल होता तो मैं कैसे रिएक्ट करता? मैं इस तरह बीमार नहीं रह सकता। कुछ भी करो, मुझे कोई दवा या इंजेक्शन दो, लेकिन मुझे मैच खेलने के लिए तैयार करो। मैदान पर पहुंचने और जर्सी पहनने के बाद एक अलग ही इमोशन होता है। इस तरह मैं मैदान में पहुंचा और बल्लेबाजी की। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज जीत ली है। तीन मैचों की सीरीज भारत ने 2-1 से अपने नाम की। इस सीरीज का पहला मैच भारतीय टीम हार गई थी। इसके बाद बारिश से बाधित दूसरे मैच में टीम इंडिया ने जीत हासिल की और तीसरा मैच निर्णायक था। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 187 रन का बड़ा लक्ष्य रखा। इसके जवाब में भारत ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे, लेकिन विराट कोहली और




सूर्यकुमार यादव ने शतकीय साझेदारी कर टीम इंडिया को जीत दिला दी। इस मैच में विराट कोहली के अलावा सूर्यकुमार यादव ने शानदार पारी खेली। उन्होंने 36 गेंदों में पांच छक्के और पांच चौकों की मदद से 69 रन बनाए। उनकी इस शानदार पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। यह पहला मौका नहीं था, जब लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यकुमार यादव ने कमाल किया। अपने पूरे करियर में उन्होंने भारत के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए कमाल की बल्लेबाजी की है। लक्ष्य का पीछा करते हुए सूर्यकुमार ने टी20 में भारत के लिए 11 पारियों में 51 के औसत और 172.88 के स्ट्राइक रेट से 408 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से एक शतक और तीन अर्धशतक निकले हैं। इस दौरान दो बार वह शून्य के स्कोर पर भी आउट हुए हैं, लेकिन उनके टी20 करियर की सबसे बड़ी पारी (117 रन) भी लक्ष्य का पीछा करते हुए ही आई है। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ इसी साल यह कारनामा किया था, हालांकि भारत करीबी अंतर से मैच हार गया था। वहीं, पहले बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 18 पारियों में 30.47 के औसत और 176.19 के स्ट्राइक रेट से 518 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सबसे बड़ा स्कोर नाबाद 68 रन रहा है। यह स्कोर उन्होंने हाल ही में एशिया कप में हॉन्गकॉन्ग के खिलाफ बनाया था।

# आलिया भट्ट के साथ सोने में रणबीर कपूर को क्यों होती है दिक्कत, खोला राज

**मुंबई ईएमएस।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। उनकी फिल्म ब्रह्मास्त्र रिलीज हो चुकी है। दोनों की ऑनलाइन केमिस्ट्री से ज्यादा ऑफलाइन बॉन्डिंग लोगों को ज्यादा पसंद आती है। रणबीर और आलिया लंबे वक्त तक डेटिंग कर चुके हैं। शादी से पहले दोनों लिव-इन में भी रहे हैं। अब एक इंटरव्यू के दौरान रणबीर कपूर ने आलिया के बारे में मजेदार बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि आलिया के साथ सोने में उन्हें दिक्कत होती है। उन्होंने इसकी वजह भी बताई।

## सोते वक्त घूमती हैं आलिया

रणबीर कपूर ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी वाइफ आलिया भट्ट से जुड़ी इंट्रेस्टिंग बात बताई है। रणबीर से पूछा गया कि वह आलिया की क्या चीज बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने बॉलीवुड बबल को जवाब दिया कि आलिया के साथ सोना मुश्किल है। वह सो जाती हैं तो तिरछी घूमना शुरू कर देती हैं। धीरे-धीरे बिस्तर का स्पेस कम हो जाता है।

## आलिया को बुरी लगती है ये आदत

रणबीर ने बताया कि सोते वक्त आलिया का सिर कहीं होता है तो पैर कहीं और। वह बिस्तर के कोने पर होते हैं और वाकई बहुत दिक्कत होती है। जब आलिया से यही सवाल किया गया तो आलिया ने बताया कि उन्हें रणबीर की चुप रहने की आदत बहुत अच्छी लगती है। वह बहुत अच्छे लिसनर हैं। हालांकि यही चीज उन्हें बर्दाश्त करनी पड़ती है। क्योंकि कभी-कभी वह चाहती हैं कि रणबीर जवाब दें लेकिन वह नहीं देते।आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अप्रैल में शादी के बंधन में बंधे हैं। अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग शुरू होने के साथ उनकी डेटिंग भी शुरू हुई थी। आलिया रणबीर को अपना बचपन का क्रश बताती रही हैं। जल्द ही दोनों पेरेंट्स बनने वाले हैं।




# 17 की उम्र में काटना पड़ा था सुधा चंद्रन का एक पैर, इस काम से ऐसे बदली अपनी जिंदगी





**मुंबई, एजेंसी।** सास-बहू वाले टीवी शो में जब किसी विलेन का किरदार पर्दे पर दिखता है तो सबसे पहला नाम सुधा चंद्रन का आता है। सुधा चंद्रन हिंदी सिनेमा में एक जाना-माना नाम हैं। वह अपने निगेटिव किरदारों के लिए जानी जाती हैं। टीवी शो के अलावा वह हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। कहीं किसी रोज सीरियल में रमोला सिकंद, नागिन सीरियल में यामिनी के किरदार से उन्होंने दर्शकों के बीच एक अलग पहचान बनाई है। तो चलिए सुधा चंद्रन के 57वें जन्मदिन के अवसर पर उनसे संबंधित कुछ बातें जानते हैं- बहुत कम ही लोग जानते हैं कि सुधा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म मयूरी से की थी जो कि उन्हीं की जिंदगी पर आधारित थी। बाद में ये फिल्म तमिल, मलयालम में डब की गई और इसका हिन्दी रीमेक नाचे मयूरी बना। इसमें भी सुधा चंद्रन ने ही काम किया। दरअसल 17 साल की उम्र में हुए एक हादसे में सुधा का पैर काटना पड़ गया था। जिसके बाद उनका डांसिंग करियर खतरे में पड़ गया, लेकिन उन्होंने नकली पैर से तैयारी कर फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में पहचान कायम की। सुधा महज साढ़े तीन साल की उम्र से ही डांस सीखने लगी थीं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा था कि डांस के बिना नहीं रह सकतीं। जब उनका एक्सीडेंट हुआ था, तब उन्हें लगा कि वे जीवन भर डांस नहीं कर पाएंगीं, लेकिन फिर उन्हें आर्टिफिशियल पैर मिला और फिजियोथैरपी की मदद से करीब 3 साल में वो अपने नकली पैरों पर चलना सीख पाई। इसी नकली पैर की बदौलत सुधा ने सिनेमा और डांस की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई। सुधा 90 के दशक से टीवी इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। वह अब तक बहुरानियां, चंद्रकांता, कभी इधर कभी उधर, चश्मे बद्दूर, अंतराल, कैसे कहूं, कहीं किसी रोज, क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कस्तूरी, अदालत जैसे कई टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में भी काम किया है।







# एनिमेटिड फिल्मों में खूब चला इन स्टार्स की आवाज का जादू, बच्चे ही नहीं बड़े भी हो गए दीवाने

**मंबई, एजेंसी।** एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी और फैमिली ड्रामा फिल्मों से अलग एनिमेटिड फिल्मों का भी दर्शकों के बीच अलग क्रेज देखने को मिलता है। बच्चों में तो इन फिल्मों के प्रति अलग दीवानगी देखने को मिलती ही है, साथ ही बड़े भी इन्हें खूब चाव से देखते हैं। यूं तो इन फिल्मों को बनाने में इस्तेमाल होने वाली लेटेस्ट तकनीक और नए-नए स्टोरी आइडिया इन्हें रोचक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। लेकिन, जब इनमें बॉलीवुड सितारों की आवाज मिल जाती है तो मानो फिल्म में जान पड़ जाती है। जी हां, ऐसी कई फिल्में हैं, जिनमें बॉलीवुड स्टार्स ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। आइए जानते हैं।

**रोड साइड रोमियो-** एनिमेटिड फिल्म रोडसाइड रोमियो वर्ष 2008 में रिलीज हुई थी और खूब चर्चा में रही। इस फिल्म में मुख्य लीड हीरो यानी रोमियो की आवाज जानते हैं किसने दी? यह आवाज बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने दी थी। वहीं फीमेल लीड यानी लैला की आवाज अभिनेत्री करीना कपूर खान ने दी। आपको बता दें कि इस फिल्म को यश राज फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है।

**द इन्क्रेडिबल्स-** वर्ष 2004 में आई यह एनिमेटिड फिल्म खूब पसंद की गई। इस हिटसुपरहीरो फिल्म ने दुनियाभर में करोड़ों की कमाई की थी। इस फिल्म के हिंदी वर्जन में शाहरुख ने मिस्टर इनक्रेडिबल को आवाज दी। इस फिल्म में सिर्फ शाहरुख ही नहीं, बल्कि उनके बेटे आर्यन खान ने भी अपनी आवाज दी। आर्यन खान ने इनक्रेडिबल के बेटे डैश को अपनी आवाज दी थी।

**प्लेन्स-** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अभिनय की दुनिया में तो अपना सिक्का जमा ही चुकी हैं, साथ ही सिंगिंग और वॉइस ओवर के मामले में भी वह किसी से कम नहीं हैं। इस बात का उदाहरण डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म प्लेन्स है। प्रियंका ने भारत के पैन-एशियन चैंपियन च्ईशानी नाम के एक कैरेक्टर को अपनी आवाज दी थी।

**रियो 2-** फिल्म रियो को अच्छी प्रतिक्रिया मिली तो निर्देशक कार्लोस सालडान्हा ने साल 2014 'रियो 2 रिलीज की। यह एक एडवेंचर कॉमेडी फिल्म है। इसके हिंदी में डब किए हुए वर्जन में एक्टर इमरान खान ने 'ब्लू' के किरदार को अपनी आवाज दी। वहीं फीमेल किरदार ज्यू को सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आवाज दी।

# छोटी सरदारनी को मिला सलमान खान के शो में मौका! बिग बॉस के साथ होगी टक्कर?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 16 में इस बार बिग बॉस खुद खेलेंगे। प्रमोशन वीडियोज में बार-बार बोली जा रही इस एक लाइन ने दर्शकों के दिमाग में बेहिसाब जिज्ञासा भर दी है। फैन पेजों पर लोग कयास लगा रहे हैं कि आखिर बिग बॉस के इस सीजन में होने क्या जा रहा है। सिर्फ एक ही बात दावे के साथ कही जा सकती है, और वो ये कि बिग बॉस का ये सीजन शो के अभी तक के सभी सीजन्स से अलग होगा। इस बार कौन से सेलेब्रिटी बिग बॉस हाउस का हिस्सा बनेंगे ये सवाल भी लगातार दर्शकों के जेहन में बना हुआ है। अभी तक कई सितारों के नाम लिए जा चुके हैं जिनमें से कुछ ने खुद ही इन कयासों का खंडन भी कर दिया है। इसी क्रम में अब पॉपुलर टीवी शो छोटी सरदारनी की एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया (**Nimrit Kaur Ahluwalia**) का नाम सामने आया है।



## बिग बॉस के लिए निम्रत की हां!

एक रिपोर्ट के मुताबिक Sajid Khan, Sumbul Touqeer और Shiv Thakare के बाद अब Choti Sardarni फेम एक्ट्रेस निम्रत कौर ने शो के लिए सहमति जता दी है और शो में मेहर कौर गिल का किरदार निभाने वाली निम्रत के नाम का आधिकारिक ऐलान 1 अक्टूबर को कर दिया जाएगा। निम्रत की गजब की फैन फॉलोइंग है जो बिग बॉस के लिए फायदे का सौदा रहेगी।

## टीवी की दुनिया में निम्रत का सफर

साल 2019 में टीवी डेब्यू करने वाली निम्रत ने साल 2018 में Femina Miss Manipur में पार्टिसिपेट किया था और वह टॉप 12 में रही थीं। निम्रत अपनी मेंटल हेल्थ को लेकर बहुत खुलकर बात करती हैं। साल 2021 में उन्होंने 40 दिन का ब्रेक लिया था ताकि अपनी मेंटल हेल्थ पर काम कर सकें। इसके बाद उन्होंने फिर एक बार टीवी वर्ल्ड में वापसी की।आलिया भट्ट के साथ सोने में रणबीर कपूर को क्यों होती है दिक्कत, खोला राज आलिया भट्ट और रणबीर कपूर शादी से पहले से ही साथ रह रहे हैं। शादी के बाद रणबीर ने आलिया के बारे में मजेदार खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि आलिया के साथ सोना मुश्किल है। इसके पीछे मजेदार वजह है।

# 10 लाख की लूट में बरही पुलिस के हाथ खाली



## वारदात के बाद बदेरा में दबिश

बरही में हुई सनसनीखेज चोरी की वारदात के बाद खबर आई कि सतना जिले के बदेरा में दो संदेही बाइक सवार पकड़े गए हैं। खबर मिलते ही बरही पुलिस बदेरा पहुंच गई लेकिन बदेरा में पकड़े गए युवकों से भी बरही पुलिस को कुछ भी हासिल नही हो पाया।

## 24 घंटे बाद भी नहीं लगा बाइक सवार आरोपियों का सुराग, सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही पुलिस

**कटनी/बरही, यशभारत।** सोमवार की सुबह बरही के सराफा दुकान श्रीराम ज्वेलर्स से दो अज्ञात बदमाशों द्वारा 10 लाख रुपए कीमती सोने-चांदी के जेवरातों से भरा बैग पार करने की सनसनीखेज वारदात के दूसरे दिन बरही पुलिस के हाथ खाली है। दिनदहाड़े मेन बाजार में हुई इस वारदात में व्यापारियों में दहशत के साथ आक्रोश व्याप्त है। वारदात के बाद पुलिस द्वारा की जा रही पड़ताल में अभी तक बदमाशों के बारे में कोई भी सुराग हासिल नहीं हो पाया है। दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज में बाइक में सवार दो युवकों की पहचान करने के जतन में पुलिस भले ही पसीना बहा रही है।



गौरतलब है कि बरही के पुराने थाना भवन के ठीक नीचे संचालित श्रीराम ज्वेलर्स के श्रीकांत सोनी उर्फ राजा रोज की तरह अपनी पुरानी चक्की स्थित घर से सोमवार की सुबह करीब 10 बजे रोज की तरह सोना-चांदी के जेवरात के आभूषण से भरा बैग लेकर दुकान खोलने पहुंचा हुआ था। दुकान का शटर खोलकर जब वह बैग रखकर दुकान व्यवस्थित करने में जुट गया, तभी पहले से ही रेकी कर रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने बैग पार कर भाग निकले। आरोपी बेखौफ होकर लूट, चोरी की वारदात को दिनदहाड़े बरही नगर में अंजाम देने में जुटे हुए है। सराफा कारोबारियों को निशाना बनाया जा रहा है।

सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक व्यापारी यू ही लूटते रहेंगे और आरोपी बेखौफ घूमते रहेंगे। पुलिस का मुखबिर/सूचना तंत्र क्या खोखला हो चुका है, जिससे अपराधी पकड़ में नही आ पा रहे है। बस वारदात के समय घेराबंदी, फुटेज खंगालने की कवायद तक ही जांच चलेगी या कभी आरोपी भी सलाखों के पीछे होंगे। बहरहाल सोमवार को हुई वारदात के संबंध में बरही टीआई सुधाकर बारस्कर का कहना था कि अभी तक उन्हें इस वारदात के बारे में सफलता हासिल नहीं हुई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बरही में आए दिन हो रही इस तरह की वारदात

अज्ञात आरोपियों द्वारा बरही नगर में बेखौफ होकर लूट, चोरी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने का यह पहला मामला नहीं है। इस वारदात के 4 दिन पूर्व मैहर मार्ग में संचालित बैंक के पास से एक व्यक्ति से 80 हजार रुपए लूटने का मामला भी प्रकाश में आया था। इसी तरह की 3 अन्य वारदात 2 साल पूर्व भी हो चुकी है लेकिन लूट, चोरी करने वाले शातिर अपराधी आज तक नहीं पकड़े गए। जिससे उनके लिए बरही नगर लूट, चोरी के लिए सुरक्षित अड्डा बन चुका है। आरोपी बेखौफ होकर लूट, चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे है।

### बाबू सोनी हत्याकांड, जानकी सोनी लूट का भी नहीं खुला राज

करीब 8 साल पूर्व बरही निवासी बाबू सोनी से सोना-चांदी के आभूषण से भरा बैग सिनगौड़ी बाजार करते जाते समय लूटकर बाबू को गोली मारकर हत्या की गई थी। इस मामले में आज तक पुलिस के हाथ खाली है। वहीं 2 साल पूर्व अमरपुर निवासी रिटायर्ड शिक्षक जानकी सोनी से बरही के पुराने थाना भवन के पीछे से डेढ़ लाख रुपए से भरा बैग दो अज्ञात बाइक सवार छीनकर भाग निकले थे, इस वारदात में भी अभी तक पर्दा डला हुआ है।

# मैहर में 16 ट्रेनों का अस्थाई ठहराव

**कटनी।** शारदेय नवरात्र के दौरान माता शारदा की पावन नगरी मैहर जाने वाले श्रृद्धालुओं को रेलवे के द्धारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्पेशल सुविधा प्रदान की जा रही है। 26 सितंबर से शुरू हुए नवरात्र पर्व के दौरान मैहर स्टेशन में बिना रूके चलने वाली 16 ट्रेनों का अस्थाई ठहराव मैहर स्टेशन में दिया गया है। गौरतलब है कि नवरात्रि मेले पर मध्यप्रदेश के सतना जिले में मां शारदाधाम मैहर में श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं। इसके लिए रेलवे ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मैहर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि की गयी है। इसी के साथ 16 सुपरफास्ट, मेल, एक्सप्रेस गाड़ियों का 2 मिनट के लिए मैहर स्टेशन पर स्टॉपेज रखा गया है।

### मैहर जाने वाले यात्रियों को मिली राहत

कटनी, जबलपुर, दमोह, शहडोल से मैहर जाने वाले यात्रियों को रेलवे ने राहत दी है। नवरात्र के दौरान मैहर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली 16 ट्रेनों को यहां पर दो मिनट के लिए रोकने का निर्णय लिया गया है। अभी तक ये ट्रेनें यहां नहीं रुकती हैं। रेलवे के मुताबिक 16 सितंबर सोमवार से मैहर स्टेशन पर वर्तमान गाड़ियों के अतिरिक्त लम्बी दूरी की 16 यात्री गाड़ियों का 9 अक्टूबर तक के लिए दो मिनट का अस्थायी ठहराव दिया है।





### ये ट्रेनें लेंगी ठहराव

दोनों दिशा की गाड़ी संख्या 11055/11056लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11059/11060 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12669/12670 चेन्नई-छपरा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12791/12792 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19051/19052 बलसाड़-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 19045/19046 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-डिबरूगढ़ एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15645/15646सूरत-छपरा एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 12293/12294 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-प्रयागराज एक्सप्रेस शामिल है। आमतौर पर ये ट्रेनें मैहर स्टेशन पर ठहराव लेकर नहीं चलती है।


### कटनी-सतना मेला स्पेशल भी हुई शुरू

रेलवे प्रशासन ने कटनी-सतना-कटनी के बीच मैहर मेला स्पेशल ट्रेन भी कल 26 सितंबर से शुरू कर दी गई है। यह ट्रेन 9 अक्टूबर तक 14-14 फेरे कटनी से सतना के बीच चलेगी। मैहर मेला स्पेशल ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित है। गाड़ी संख्या 01129 कटनी से सतना मैहर मेला स्पेशल ट्रेन कटनी स्टेशन से 5:45 बजे प्रस्थान कर पटवारा 5:54 बजे, झुकेही 6:08 बजे, पकरिया रोड 6:23 बजे, अमदरा 6:36 बजे, घुनवारा 6ङ 43 बजे, भदनपुर 7:08 बजे, मैहर 7:35 बजे, उंचेहरा 7:53 बजे, लगरगवां 8:48 बजे व सतना स्टेशन पर 9:15 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01130 सतना से कटनी मैहर मेला स्पेशल ट्रेन 26 सितंबर से 9 अक्टूबर तक प्रतिदिन सतना स्टेशन से सुबह 10:40 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाड़ी लगरगवां सुबह 10:50 बजे, उचेहरा 11:03 बजे, मैहर 11:25 बजे, भदनपुर 11:58 बजे, घुनवारा दोपहर 12:28 बजे, अमदरा 12:48 बजे, पकरिया रोड 13:00 बजे, झुकेही 13:13 बजे, पटवारा 13:23 बजे व दोपहर 13:45 बजे कटनी स्टेशन पहुंचेगी।

# ससुराल से मायके के लिए निकली थी विवाहिता महानदी में मिला शव

**कटनी, यशभारत। कटनी जिले के बरही थाने के कुटेशवर क्षेत्र में महानदी में एक महिला का शव मिलने के बाद उसकी शिना त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।**

पुलिस ने बताया कि कुटेश्वर के पास महानदी में एक महिला का शव मिलने की सूचना गांव कोटवार प्रेमलाल दहायत ने दी थी। जिसके बाद पुलिस टीम वहां पर पहुंची और महिला के शव को अपने कब्जे में लिया। महिला की पहचान विजयराघवगढ़ निवासी खुशबू पति धीरज नामदेव 23 के रुप में की गई है। पुलिस ने बताया कि महिला का सुसराल विजयराघगढ़ क्षेत्र का हैए जबकि महिला का मायका बरही थाना क्षेत्र के जगुआ गांव का है। महिला की मौत कैसे हुईए महिला नदी में कैसे पहुंची, इन सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि विजयराघवगढ़ थाने में महिला के परिजनों ने लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी।

बीसवीं पुण्यतिथि 27-9-2022

स्व. हरि सुंदरानी (कटनी)

समस्त मित्रों की ओर से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

शोकाकुल

संजय पाठक (पूर्व मंत्री, म.प्र. शासन), संजय अग्रवाल, आशीष पाठक, गुन्ना बघेल, शिब्बू साहू, संजीव राय, गणेश, प्रकाश, हितेन्द्र वर्मा, सोहन (कटनी), विनय दुबे, योगेश अग्रवाल, आशीष शुक्ला, मुन्ना लोहा, सतीश सोंधिया, अन्नू गुप्ता (जबलपुर)




## मां ब्रह्मचारिणी

ब्रह्मा जी की शक्ति होने से मां का यह स्वरूप ब्रह्मचारिणी नाम से लोक प्रसिद्ध हुआ। इनका उद्भव ब्रह्मा जी के कमंडल से माना जाता है। ब्रह्मा जी सृष्टि के सर्जक हैं। ब्रह्मचारिणी उनकी शक्ति। जब मानसपुत्रों से सृष्टि का विस्तार नहीं हो सका, तो ब्रह्मा जी की इसी शक्ति ने सृष्टि का विस्तार किया। इसी कारण स्त्री को सृष्टि का कारक माना गया। ब्रह्मचारिणी देवी ज्ञान, वैराग्य और ध्यान की अधिष्ठात्री हैं। इनके एक हाथ में कमंडल और दूसरे में रुद्राक्ष की माला है। करमाला, स्फटिक और ध्यान योग नवरात्र की दूसरी अधिष्ठापन शक्ति है। मां दुर्गा के उपासक इस दिन जितना ध्यान करेंगे उतना ही उन्हें श्रेष्ठ फल प्राप्त होगा।

इनकी आराधना का मंत्र है :

**या देवी सर्वभूतेषु सृष्टि रूपेण संस्थिता**
**नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नम:।**




NABH एवं NABL द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालय

जबलपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर

SUPER SPECIALITY TREATMENT FACILITIES

- कार्डियोलॉजी-एंजियोग्राफी, एंजयोप्लास्टी • बायपास सर्जरी
- ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जरी • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरो सर्जरी
- यूरो सर्जरी • पीडियाट्रिक एवं नियोनेटोलॉजी • ऑन्कोलॉजी
- गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी • दुर्घटना एवं अपघात निदान- ट्रॉमा केयर
- नेफ्रोलॉजी- हीमोडायलिसिस • ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी
- हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी • क्रिटीकल केयर • लेप्रोस्कोपिक ग्रेस्ट्रो सर्जरी
- इंडोक्रायनोलॉजी • ग्रेस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी • पलमोनरी मेडीसिन • हाई रिस्क प्रसूति

कॉलेज ऑफ नर्सिंग जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंस

Courses Available- GNM, B.Sc. (N), P.B.Sc. (N) & Ph.D (N)

M.Sc.(Nursing) In- MSN, OBG, CHN, PSY, PEDIA

अग्रसेन मंडपम के पास, कचनार सिटी रोड, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर

Ph: 8269045001, 8269065001, 7869135658 Web.: www.nursingcollegejihs.com, E-mail: jihs25jabalpur@gmail.com

महाकौशल का प्रथम कॉस्मेटिक गायनेक सेंटर

जबलपुर कॉस्मेटिक गायनोकॉलोजी सेंटर

अब चिंता ना करें !



डॉ. अमिता सक्सेना
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रसव पश्चात एवं मेनोपॉस के समय योनी का ढीलापन

खांसते या छींकते समय पेशाब का निकल जाना

लाइलाज कठिन श्वेत प्रदर (सफेद पानी)

इस तरह की समस्या से पीड़ित महिलायें संपर्क करें।



डॉ. ऋचा धीरावानी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

आधुनिक लेजर द्वारा दर्द रहित इलाज की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 93001 08912, 73547 77754, 79879 05551

दूसरी मंजिल, फेज 3 बिल्डिंग, जबलपुर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर, रसल चौक, जबलपुर (म.प्र.)- 482001

रसल क्रॉसिंग, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482002 म.प्र.

फोन: 0761-4026000, 2450761-62, फैक्स: 0761-4036343, टोल फ्री नं. 18002332450

Email- jhrc_hrd@yahoo.co.in, Website- www.jabalpurhospital.com



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)